## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी व एसडीएम, बीडीओ, सीओ व अन्य पदाधिकारी खगौल नगर परिषद पहुंचे

दानापुर खगौल। नगर के पटना-बिहटा एलिवेटेड सड़क निर्माण के क्रम में पुराने नगर परिषद, खगौल कार्यालय को हटाने की प्रक्रिया आ रही अड़चन को लेकर पटना जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह ने दानापुर एसडीएम, बीडीओ, सीओ व अन्य पदाधिकारियों के साथ खगौल पहुंचे। वहां उन्होने नप कार्यालय व बाहरी परिसर में रखे नगर परिषद के वाहनों व सफाई से संबंधित सामानों का जायजा लेते हुए कई निर्देश जारी किये। नगर अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों की सामान को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए मांगी जा रही सिंचाई विभाग की जमीन पर गौर करते हुए फिलहाल मौखिक तौर पर सामान रखने का आदेश दिया है। खगौल नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा उन्हे बताया गया है कि पुराने नगर परिषद में वाहन, जेसीबी व अन्य मौजूद भारी मात्रा में सफाई से संबंधित सामान को खगौल लख स्थित सिंचाई विभाग की खाली पड़ी जमीन पर शेड बनाकर रखने का कार्य करें। जल्द ही उन्हे वह जमीन लिखित तौर पर नगर परिषद खगौल को देने की प्रक्रिया करेंगे। उन्होने बताया कि पुराना नगर परिषद सप्ताह भर के अंदर पटना-बिहटा एलिवेटेड सड़क निर्माण के लिए तोड़ दिया जाएगा। वह जल्द सामान हटाने की इस कार्य को पुरा करने के लिए प्रयास कर रहे है।

### दानापुर बस पड़ाव के पास शव बरामद

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बस पड़ाव के थोडी दूरी दो शव बरामद किया गया। दोनो शव के शिनाख्त के बाद पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शनिवार की सुबह पशु अस्पताल के निकट नाले से एक व्यक्ति का शव बरामद किया। जबकि दूसरा शव चिकित्सक आवास के निकट बरामद किया। बताया जाता है कि शनिवार के सुबह बस पड़ाव स्थित पशु अस्पताल के गेट के पास नाले में एक व्यक्ति के शव देख लोगो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बहार निकाला। जिसका शिनाख्त कब्रिस्तान रोड डोमटोली निवासी स्व0 राम चंद्र रजक के पुत्र राजू रजक(45) के रूप में किया गया। मृतक नशा आदी था। मृतक के भाई मुन्ना रजक ने बताया कि सुबह 6 बजे घर से शौच करने के लिए बाहर निकला था। कुछ देर बाद नाले में गिड़े होने की सूचना मिली। जब पहुंचे तो उसका शव पड़ा था। वही पुलिस को अनुमंडल अस्पताल के निकट जर्जर चिकित्सक आवास के निकट ठेला पर एक व्यक्ति की शव होने की सूचना मिली। जिसकी शिनाख्त सिगोड़ी के मुरिका निवासी स्व पारस सिंह के पुत्र शिवदत सिंह(50) के रूप में किया गया। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई देवदत ने बताया कि शिवदत होमगार्ड में था। पहले दानापुर थाना की गाड़ी भी चलाते थे। कुछ महीनों से ड्यूटी नहीं कर रहे थे। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि पोस्टमार्टम करा दोनो शव को सौप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल पायेगा। शिवदत की स्वाभाविक एवं राजू की मौत नाला में गिड़ने से होने की बात सामने आयी है।

### पट खुलते ही गणपति बप्पा मोरया के जयकारा के साथ दर्शन को लेकर लोगों की उमड़ी भीड़

दानापुर नगर के अंतर्गत हडियाबाजार में पट खुलते ही गणपति बप्पा मोरया के जयकारा के साथ दर्शन को लेकर लोगो की भीड़ जुटने लगी। इसके साथ ही गणेशोत्सव के रंग में पुरा नगर रंग गया। शनिवार की शाम पट खुलते ही पंडाल में भक्तों की भीड़ लगने लगी। आचार्य गोपाल कुमार मिश्र के आचार्यत्व में आयोजित गणेशोत्सव में प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया। राइजिंग क्लब ब्यापार संघ द्वारा हड़िया बाजार में विशालकाय गणेशजी के प्रतिमा के साथ राधा-कृष्ण, शिव पार्वती के साथ शुभ-लाभ व ऋद्धि सिद्धी की प्रतिमा स्थापित की गयी है। इसके साथ ही 10 दिनों तक चलने वाली पूजा का शुभारंभ प्राण प्रतिष्ठा के साथ संध्या बेला में हुआ। जिसमें इसके साथ ही दर्शन के लिये लोगो की भीड़ पंडाल में उमड़ पड़ा। गणेशोत्सव में मेला को भी आयोजन भव्य रूप से किया गया है। नगर के मुर्तिकार मनीष द्वारा बनायी गयी प्रतिमा की चर्चा होती रही।

# भाजपा ऐसी पार्टी जिसमें राष्ट्रीय से लेकर बूथ स्तर के अध्यक्ष का सम्मान : नड्डा

## वरीय साथियों व दलितों को पार्टी की सदस्यता दिला किया गया शुरूआत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




साहब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी उन्होंने अपने पिता, चार पुत्रों की शहादत दी, मगर अन्याय के खिलाफ झुके नहीं 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिल्ली में सदस्यता अभियान भाजपा का शुरू किया गया यह अकेली ऐसी देश की पार्टी है जिसका प्रधान सेवक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश जिला मंडल शक्ति केंद्र बूथ का अध्यक्ष सबों को हर 6 साल पर सदस्यता ग्रहण करनी होती है यानी कहें की नवीनीकरण करना होता है यह किसी पार्टी में संभवत नहीं है बाकी सभी जाति इलाका परिवार या समुदाय की पार्टी है भाजपा सबों की और पूरे समाज की पार्टी है यही कारण है कि राष्ट्रीय से लेकर बोथ अध्यक्ष तक एक साथ सदस्यता अभियान को लेकर तस्वीर खिंचवाई हम आज दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल हैं फिलहाल करीब सवा करोड़ सदस्य हम बन चुका हैं हमारी पार्टी संविधान के तहत अधिकार की सामान्य देती है साथ ही अवसर की भी समानता है बाकी पार्टियों में खास परिवार के सदस्यों रिश्तेदारों और उसी जाति के लोग ही अध्यक्ष या महत्वपूर्ण पद पा सकते हैं मगर भाजपा में गरीब से लेकर जमीन से जुड़ा हुआ व्यक्ति कब राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री राष्ट्रपति लोकसभा अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष बन जाए या कहना मुश्किल है यही लोग सामान्य परिवार से निकलकर देश प्रदेश का नेतृत्व करते हैंभाजपा गांव गरीब दलित वंचित किस महिला युवाओं और छात्रों की पार्टी है डॉक्टर अंबेडकर को लोकसभा में जाने से रोकने का काम कांग्रेस ने किया जब विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार थी तो उन्होंने डॉ अंबेडकर को भारत रत्न दिया मोदी ने संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाने की घोषणा की आज दलित और वोट बैंक की राजनीति की जा रही है दलित का ख्याल प्रधानमंत्री ने रखा है आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्म स्थान में मेमोरियल बनाया गया है लंदन में जमीन खरीद कर शिक्षा भूमि नागपुर में दीक्षाभूमि दिल्ली में निर्माण भूमि और मुंबई में चैतन्य भूमि बनाया गया है अटल जी की सरकार में पहले लोकसभा के अध्यक्ष बाल योगी को बनाया गया इसके पूर्व मंच का संचालन भाजपा महानगर के अध्यक्ष अभिषेक कुमार चंद्रवंशी ने किया स्वागत भाषण करते हुए स्थानीय विधायक सर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि अनुसूचित जाति के द्वारा हम सबों ने संगठन को सींचा है। और विजय का यह सिलसिला रखेगा थमेगा नहीं बल्कि और आगे बढ़ता रहेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ शक्ति केंद्र बूथ मंडल और महानगर से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक का एक साथ फोटो खिंचवाना महत्वपूर्ण व्यवस्था है या भाजपा में ही संभव है 2024 सदस्यता अभियान में एक-एक घर जाना है और लोगों को सदस्य बनना है सदस्यता अभियान में बिहार देश में अब्बल होगा ऐसा विश्वास में राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिलाते हैं इस दौरान शिवनाथ रजक, रामबालक पासवान, नंदलाल राम, कमल दास, राम श्लोक दास, राम प्रसाद दास, विजय मलिक, अरविंद चौधरी, महेंद्र दास, टिंकू राउत, मुकेश रजक शंकर चौधरी सुभाष रजक टिंकू ललन अंबेडकर आदि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंबेडकर की प्रतिमूर्ति प्रदान किया और सदस्यता ग्रहण करते हुए आभार जताया। मंशा सिंह लोगों में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी विजय कुमार सिंह महापौर श्रीमती सीता साहू संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, सांसद रविशंकर प्रसाद, सदस्यता टोली के सदस्य रत्नेश कुशवाहा विधान पार्षद विनोद चंद्रवंशी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा भाजपा व्यवसाय मंच के प्रदेश सहसंयोजक नितिन कुमार रिंकू आदि थे। प्रमुख लोगों में प्रदेश भाजपा के पूर्व मंत्री रूपनारायण मेहता, महानगर के महामंत्री विनय केसरी, वार्ड पार्षद विनोद कुमार, मुन्ना जायसवाल, विनय कुमार बाला, संध्या यादव, तारा देवी, अंजली राय, पूर्व पार्षद स्मिता रानी, सीता सिन्हा, लल्लू शर्मा, सरोज जायसवाल, कांति केसरी, अनिता पांडेय, निशा मेहता, हेमलता शर्मा, रेशमा खातून, सुनीता गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, संजीव पटवा, संजीव यादव, डॉ एसए कृष्णा, डॉ टीपी गोलवारा, अशोक भारती, विनोद पासवान, राजेश साह, राजू मेहता, अमित सिंह, महेश पासवान, मंडल के पदाधिकारीगण आदि मौजूद थे।

# तख्तश्री पटना साहिब के सेवादार इंदर सिंह के निधन पर शोक



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री पटना साहिब के वरीय सेवादार और सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक बलराम सिंह के पिता भाई इंदर सिंह का निधन हो गया। वह अच्छे पहलवान थे। कुश्ती में इनको अनेक अवार्ड मिला है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज महावीर कैंसर अस्पताल में चल रहा था। इनके तीन पुत्र कन्हैया सिंह, बलराम सिंह, राम भजन सिंह और तीन पुत्रियां हैं। गुरु घर में अरदास करने के बाद खाजेकलां घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। छोटा पुत्र राम भजन सिंह ने मुखाग्नि दिया। दाह संस्कार के दौरान तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, कथावाचक सुखदेव सिंह, सतनाम सिंह, तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन, तख्तश्री कमेटी के सदस्य सरदार राजा सिंह, योगेश्वर सिंह, ग्रंथी सतलोक सिंह, दिलीप सिंह, करतार सिंह, दीपक सिंह लांबा, बाललीला के ग्रंथी रंजन सिंह, राजन सिंह, बलजीत सिंह, विनोद सिंह, गिरिजा सिंह, जगजीत सिंह, सुरजीत सिंह सोनू, सोनू सिंह, सेवादार कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंदर सिंह बंटी, ग्रंथी अजायब सिंह, अवधेश सिंह, दीपक सिंह, बवबंत सिंह खालसा, बिहार सिख फेडरेशन के महासचिव सूरज सिंह, चंद्रशेखर सिंह, रणजीत सिंह, हृदय सिंह पार्टी, गुरचरण सिंह लांबा, नरेश केवट, चंद्रमौली केवट, गौरी शंकर केवट, श्री सनातनी श्री सभा के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद द्वारा पटना साहिब के सेवादार, ग्रंथी, पाठी, रागी एवं पैतृक गांव के अनेक लोग शवयात्रा में शामिल थे। दूसरी और प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, सदस्य राजा सिंह, डॉ गुरमीत सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, हरपाल सिंह जौहल, चरणजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक हरजीत सिंह, पपिंद्र सिंह, लेखापाल देवेंद्र सिंह, मंजीत सिंह, मनमीत सिंह, महाकांत राय आदि ने सेवादार इंदर सिंह के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें गुरु चरणों में वास देने की अरदास की।

# तख्तश्री पटना साहिब के लंगर इंचार्ज बंटी को जान से मारने की धमकी

## मामला सीसीटीवी में कैद, थाना में दिया लिखित आवेदन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के मातहत कार्यरत तजिंदर सिंह बंटी को जान से मारने की धमकी दी गई है। इस संबंध में बंटी के द्वारा कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव को लिखित रूप से आवेदन दिया गया है। इसके आधार पर अधीक्षक दलजीत सिंह ने तजिंदर सिंह बंटी के आवेदन का हिन्दी अनुवाद करते हुए चौक थाना के थानाध्यक्ष और डीएसपी-2 को आवेदन भेज कर कार्रवाई करने की बात कही है। घटना छह सितंबर को अपराह्न करीब तीन बजे की है। दरअसल सेवादार कल्याण समिति के अध्यक्ष और लंगर इंचार्ज तजिन्दर सिंह बंटी लंगर हाल के बाहर में खड़ा था। इसी दौरान सेवादार मनवीर सिंह मोनू पिता स्वर्गीय एकेंद्र सिंह, जो लंगर हॉल के ऊपर में रहता है, वह अपराह्न करीब तीन बजे पहुंचा। उसने तजिंदर सिंह को अपना कमर दिखाया, जिसमें रिवाल्वर खोंस कर रखा हुआ था। साथ ही हाथ में तीन गोली हथेली में रखकर दिखाया। मोनू ने बंटी को कहा कि ज्यादा फड़फड़ाओगे तो शरीर में उतार देंगे। ठीक से रहा करो। इसे लेकर लंगर इंचार्ज तजिंदर सिंह बंटी ने कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव को लिखित में सूचना दिया है। गुरमुखी में दिए गए पत्र के आलोक में कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह ने डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। बंटी ने लिखित रूप से प्रबंधक कमेटी को आवेदन दिया है। उसका हिन्दी अनुवाद कर आपकी जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया जा रहा है। इस संबंध में सख्त कार्रवाई करते हुए तजिंदर सिंह बंटी के जान-माल की सुरक्षा एवं गुरु घर के दर्शनार्थ देश-विदेश से आने वाली संगत की सुरक्षा के लिए भी उचित कार्रवाई करने की बात कही गई है। वहीं बंटी ने कहा कि वह प्रतिदिन रात नौ से 10 बजे के बीच गुरु का बाग, जो मालसलामी थाना अंतर्गत है, वहां स्टाफ क्वार्टर में जाता है और दूसरे दिन फिर सुबह ड्यूटी के लिए तख्तश्री पटना साहिब आता है।

### फतुहा के विकास के लिए हरसंभव मदद करेंगे : ऋतुराज सिन्हा



फतुहा। शनिवार को वार्ड नं 27 के पार्षद अजीत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी ने भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा से मुलाकात किया। इस दौरान पार्षद अजीत कुमार ने फतुहा के विभिन्न समस्याओं को रखा जिसमें फुट ओवरब्रिज, स्टेशन रोड जाम की समस्या, सड़क निर्माण, नाली की समस्या वगैरह है। अजीत कुमार ने खासकर वार्ड नं 27 में नाली की समस्या के बारे में भी जिक्र किया। जिस पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भरोसा दिलाया कि आप की समस्या को जल्द दूर किया जाएगा। मौके पर सच्चिदानंद सिंह (जिला बाढ़ किसान मोर्चा महामंत्री), अनिल मुखिया, रामजी चौधरी, मनीष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तकनीकी युग में शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ी, बच्चों की जीवनशैली पर रखें नजर : पूर्व कुलपति

## शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं, इनका स्थान भगवान से भी उपर है : निदेशक

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम : गोपाल विद्यार्थी ।शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं।इन्हें ईश्वर से तुलना की जाती है।बच्चों का सही मार्गदर्शन करना प्रत्येक शिक्षकों का फर्ज है। तकनीकी युग में शिक्षकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ सी गई है, बच्चों के जीवन शैली पर नजर रखने की जरूरत है` उक्त बातें बिक्रम के एम्बिशस कोचिंग संस्थान में आयोजित गुरु शिष्य मिलन सह 20 वें वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ शिवशंकर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों को अपने बच्चों की अच्छाइयों के साथ उनकी खामियों पर भी ध्यान देना चाहिए।यदि हम अपने बच्चों की जीवनशैली पर नजर रखेंगे तभी उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।समारोह की अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक जनेश्वर सिंह, संचालन चंद्रभूषण मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन शशांक शेखर ने किया। समारोह में जूनियर और सीनियर कैंपस के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने प्रस्तुति से मौजूद लोगों का मन मोह लिया` इस दौरान बच्चों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद बच्चों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में स्वागत करते हुए फूलों की बरसात की, अध्यापक भी अपने प्रति बच्चों के भाव को देखकर गदगद हो गए। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक अजय कुमार,संजय मिश्रा,शशांक शेखर मिश्र,गोपाल विद्यार्थी,,अरविंद वर्मा,मनीष कुमार सिंह,मिथिलेश वर्मा,रमेश तिवारी,सुनीता मिश्रा, वीणा मिश्रा, सुधीर कुमार,मनोज कुमार,गणेश कुमार,अतुल उपाध्याय, उमेश सिंह,बिट्टू कुमार ,रवि कुमार आदि ने शिक्षक एवं छात्रों के बीच संबंध और उनके कर्तव्यों की चर्चा की।

# शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी में नवरात्र की तैयारी शुरू



प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्रि की व्यापक तैयारियों को लेकर शक्तिपीठ माता श्री छोटी पटनदेवी जी की जन सेवी संस्था श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। पीठाचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी के मार्गदर्शन में यहां आने वाले भक्तों के लिए दर्शन, पाठ, जप व ध्यान के लिए समुचित नियम निर्धारण के साथ पेय जल, भोजन, विश्राम की भी व्यवस्था होगी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में सीसीटीवी और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। आम दिनों में दर्शन का समय प्रातः 6.30 से दोपहर 12.30 और संध्या तीन बजे से रात आठ बजे तक निर्धारित है। परंतु दोनों नवरात्रि में भक्तगण पूरे दिन लगातार दर्शन लाभ ले सकेंगे। बीच-बीच में 10-10 मिनट का भोग विश्राम होगा। नवरात्र के नौ दोनों में प्रतिदिन मां के अलग-अलग स्वरूप की पूजा, राग, भोग, श्रृंगार और मंगल आरती के दर्शण होंगे। आचार्य पीठ से नित्य सर्व जन कल्याण के लिए पीठाचार्य स्वयं अखंड चंडी पाठ उच्चारण करेंगे। भक्तों के किसी भी समस्या के समाधान, सुझाव और शिकायत के लिए टोल फ्री 7250910265 नंबर लागू किया गया है।

# गणतंत्र दिवस परेड में चयन के लिए 250 एनएनएस स्वयंसेवकों की मेजबानी करेगा मौलाना मजहरूल हक विश्वविद्यालय : गिरधर उपाध्याय

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। मौलाना मजहरूल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय आगामी 14 व 15 सितंबर को बिहार-झारखंड के सभी विश्विद्यालयों से चयनित करीब ढाई सौ एनएसएस कार्यकर्ताओ की मेजबानी करेगा जो एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का हिस्सा होंगे। यह घोषणा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के क्षेत्रीय निदेशक श्री गिरधर उपाध्याय ने विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैंप के समापन समारोह में बतौर अपने अध्यक्षीय संबोधन में की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पटना यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर व चर्चित भूगर्भशास्त्री अतुल आदित्य पांडे, मुख्य वक्ता के तौर पर मौलाना मजहरूल हक विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार व बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र उपस्थित थे। अतुल आदित्य पांडेय ने बताया कि पटना यूनिवर्सिटी में वो लंबे समय तक एनएसएस के समन्वयक रहे और छात्रों के व्यक्तित्व विकास में इससे बेहतर कुछ और जरिया नहीं हो सकता। कर्नल कामेश कुमार ने कहा कि यह कैंप सात सितंबर तक चला जिसमें विश्विद्यालय के सभी विभागों तथा पटना में अधीनस्थ बीएड कॉलेजों से चयनित स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सात दिन चलने वाले इस कैंप में प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए कई गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, सामुदायिक सर्वे, प्रतिभा खोज, क्विज, फिल्म स्क्रीनिंग आदि प्रमुख हैं। एनएसएस सेल के समन्वयक डॉ. निखिल आनंद गिरि ने बताया कि विगत आठ अगस्त को भी विश्विद्यालय की एनएसएस इकाई ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परिसर में 300 पौधे लगाए थे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया और उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ जमशेद आलम और धन्यवाद ज्ञापन मो नेयाजुद्दीन ने किया ।

### 45 सैंपल की जांच में मिले 14 डेंगू मरीज, मरीज भर्ती

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 45 सैंपल की जांच शनिवार को की गई। इसमें 14 डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि फतुहा की 25 वर्ष की महिला व 20 वर्ष का युवक, गुलजारबाग का 22 वर्षीय युवक व 18 वर्ष की महिला, बिहटा का 30 वर्षीय युवक, मालसलामी जमुनापुर के 42 वर्षीय युवक, आलमगंज के 14 वर्ष का किशोर, 20 वर्ष की महिला, हिलसा के 30 वर्षीय युवक व गौरीचक की 55 वर्षीय महिला, अगमकुआं में 17 व 16 वर्ष का किशोर, 22 वर्ष की महिला, छह वर्ष की बच्ची संक्रमित है। अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में डेंगू के 14 मरीज भर्ती हैं। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में 55 बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है.संक्रमित मरीज ओपीडी में इलाज कराने आये थे, तभी उनकि जांच कराया गया।

### पालीगंज में पूजा पंडालो में विराजे गणपति बप्पा

पालीगंज भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर यानी शनिवार को प्रथमपूज्य श्रीगणेश के पूजन का उत्सव आरंभ हो गया। ढोल-नगाड़ों के बीच गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष करते हुए भक्त विधि-विधान से गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गयीं। साल भर में पड़े वाली चतुथयों में यह सबसे बड़ी मानी जाती है। गणेश चतुर्थी पर गणपति का पूजन करने से संपन्नता, समृद्धि, सौभाग्य और धन का समावेश होता है। नगर में धूमधाम से गणेश चतुर्थी मनायी जा रही है गणपति की पूजन के इसमें प्रत्येक दिन प्रातः व संध्या आरती का आयोजन होगा। श्री गणेश को विभिन्न प्रकार के घर पर निर्मित प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। इसमें उनका प्रिय भोग मोदक सर्वप्रिय रहेगा वही पूजन के उपरांत आरती, मंत्र, भजन आदि से गणपति का स्वागत किया गया। कहा यह जाता है कि गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त में भगवान श्री गणेश जी के 108 नामों के जप से सभी प्रकार की बाधाएं को दूर किया जा सकता है

# भक्तों ने की प्रथम पूज्य श्री गणेश की पूजा, विघ्न होता दूर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्तों ने श्री गणपति की पूजा-अर्चना की। शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में मंहत विजय शंकर गिरि, विकास गिरि, सिद्धपीठ श्री छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में पूजा-अर्चना हुई। पौराणकि संकट मोचन हनुमान मंदिर करनालगंज गायघाट, मोगलपुरा के जमुनी राय के कुआं, नून के चौराहा के साथ साथ ही विभिन्न शिवालयों, हनुमत व देवी मंदिरों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा की पूजा-अर्चना पुजारियों की ओर से की गई। चौक स्थित सनातन धर्म सभा भवन में राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया। समिति के संयोजक डॉ अजय प्रकाश, अध्यक्ष डॉ टीपी गौलवारा, महासचिव विकास मौड़ीवाल, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र, अनंत अरोड़ा, आत्म बागला, अनिल जेतली समेत अन्य शामिल हुए। आयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे और बिहार विधानसभा के



अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी यहां पहुंच कर दर्शन-पूजन किए। पूर्व मंत्री श्री चौबे ने कहा कि भगवान श्री गणेश की पूजा करने से वाइन बढ़ाएं दूर होती है जीवन सुख में होता है। वह देवी देवताओं में प्रथम पूज्य हैं। हर अच्छे काम की शुरूआत श्री गणेश का नाम लेकर ही किया जाता है। महोत्सव में शाम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री गणेश जी को चांदी के मुकुट पहनाया गया। प्रतिमा के पीछे अंतरिक्ष का दर्शन और पूरा पंडाल अंतरिक्ष थीम पर बनाया गया है। यह भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बना है। आयोजन में डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, संजय डोकानिया, शिव प्रसाद मोदी, भगवती प्रसाद मोदी, द्वारका प्रसाद कश्यप, प्राण प्रतिष्ठा के साथ गणेश पुराण कथा होगा. जो दस सितंबर तक चलेगा। 11 सितंबर को पूजन हवन व विसर्जन शोभायात्रा निकाला जाएगा। दूसरी और सुदर्शन पथ के गोवर्धन के चौराहा के पास गणेश पूजा मंडली की ओर से करीब 12 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा निर्माण कर पूजा अर्चना की गई। यहां रोज शाम में सात बजे आरती और प्रसाद का वितरण होगा। 12 को जागरण, 14 को महाआरती और 16 को हवन के साथ भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। प्रतिमा का विसर्जन 18 सितंबर को किया जाएगा। आयोजन में टिंकू शर्मा, विपुल सिन्हा, रविंद्र खत्री, दीपक कुमार सिंह, दिनेश मेहता आदि सक्रिय हैं। विभिन्न मंदिरों पूजा स्थलों के अलावा घरों में भी लोगों ने विघ्नहर्ता, सुखदाता व विद्या दाता भगवान श्री गणेश के साथ भगवती लक्ष्मी की भी पूजा-अर्चना किया।

# प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में पटना शहर में सुगम यातायात एवं जाम की समस्या के समाधान हेतु हुई बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । प्रमंडल, पटना श्री मयंक वरवड़े ने कहा है कि पटना शहर में सुव्यवस्थित यातायात-प्रबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसके लिए सभी स्टेकहोल्डर्स सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे आज आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पटना शहर में सुगम यातायात एवं जाम की समस्या से निदान हेतु आयोजित बैठक में पदाधिकारियों, ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा संघों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पटना शहर को आवागमन हेतु सवार्नुकूल बनाना है। सुगम एवं सुचारू यातायात की व्यवस्था जनहित में अत्यावश्यक है। यह हमारी कार्यशैली एवं जीवन-शैली पर भी काफी प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवधान, अतिक्रमण एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध प्रशासन शून्य सहिष्णुता के सिद्धांत पर काम करता है। नगर विकास विभाग, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, एनएचएआई, वन विभाग, पथ निर्माण, प्रशासन, पुलिस, विधि-व्यवस्था सहित सभी सम्बद्ध पदाधिकारी अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन कार्य योजना का अनुपालन सुनिश्चित करें। आयुक्त ने कहा कि जनता की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। आज की इस बैठक में पटना शहर में यातायात प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। आयुक्त श्री मयंक वरवड़े ने कहा कि जिला प्रशासन के सभी अंग यथा परिवहन, जिला नियंत्रण कक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा नगर निकाय सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करें। ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के नियमों के अनुसार सुगम परिचालन हेतु कार्य करें।

# सीएम नीतीश ने गया के विष्णुपद मंदिर में की पूजा-अर्चना

## विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ तथा एकीकृत जलनिकासी कार्य का किया उद्घाटन




राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने फल्गू नदी के किनारे आयोजित कार्यक्रम स्थल से विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ तथा एकीकृत जलनिकासी कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पथ का निरीक्षण किया। यह नवनिर्मित पथ मानपुर पुल से सीधे विष्णुपद मंदिर को जोड़ता है। साथ ही यह पथ विष्णुपद मंदिर को सीधे एन एच-82 से जोड़ेगा, जिससे संकीर्ण मार्ग से घूमकर मंदिर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस पथ से सीताकुण्ड, गयाजी धाम, विष्णुपद मंदिर और एनएच-82 तक एक कॉरिडोर के रूप में दिखेगा। इससे आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से मनसरवा नाला पर घुघरी टांड़ मोड़ से फल्गू नदी तट तक बॉक्स नाला-सह-सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। एनएच-82 से विष्णुपद मंदिर के समीप तक पीसीसी पथ/नाला का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर के समीप बंगाली आश्रम से एनएच-82 सुब्रत पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य एवं एनएच-82 पथ के किनारे एक तरफ वाहन पड़ाव एवं रैम्प निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मयोनि एवं प्रेतशीला पहाड़ी पर मृदा जल संरक्षण कार्य का भी शिलान्यास किया। विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने गया समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पितृपक्ष मेला-2023 पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई जिसमें यहां पर पधारे श्रद्धालुओं ने पितृपक्ष मेले के इंतजाम की प्रशंसा की और अपने-अपने सुखद अनुभव साझा किए। पितृपक्ष मेले की बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद भी दिया।

### ये रहें मौजूद :

समीक्षा बैठक में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, गया जिले के प्रभारी मंत्री सह पर्यटन एवं उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार, नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, पूर्व मंत्री सह विधायक कुमार सर्वजीत, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक आलोक राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्दर, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एन सरवन कुमार, ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार

# एनडीए के शासन में बिहार बढ़ा भी और बदला भी : विजय

● बोलें-अगले चुनाव में पूरी तरह बुझ जाएगी राजद के राजनीति की लालटेन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि डबल इंजन सरकार के शासनकाल में बिहार लगातार बढ़ भी रहा है और बदल भी रहा है। 2005 से लेकर अबतक राज्य में करीब14 साल मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एनडीए की सरकार रही है। इन वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था ने लगातार दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की है। जातीय उन्माद और महिला उत्पीड़न से जुड़ी हिंसा के कलंक को मिटा कर हमने न्याय के साथ समेकित विकास को सुनिश्चित किया है। पंचायती राज्य में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण, सरकारी सेवाओं में एक तिहाई से अधिक महिला आरक्षण का प्रावधान तथा जीविका जैसी बहुप्रशंसित पहल के द्वारा आज प्रदेश में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का वातावरण बना है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि राज्य में भौतिक अवसंरचना के क्षेत्र में व्यापक प्रगति हुई है। पिछले एक दशक में निर्माण क्षेत्र से जुड़े सरकारी व्यय में डेढ़ गुना जबकि परिवहन, भंडारण और संचार के क्षेत्र में सरकार व्यय में लगभग ढाई गुना बढ़ोतरी हुई है। आज निर्माण, परिवहन, संचार, व्यापार तथा होटल क्षेत्रों में प्रदेश राष्ट्रीय औसत से भी अधिक गति से आगे बढ़ रहा है । 2005 से 2024 के बीच ग्रामीण पथ नेटवर्क सहित सड़कों और पुलों पर 1 लाख 54 हजार करोड़ खर्च किए गए। जिस बिहार के ऊपर तंज किया जाता था कि गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढा है , वह बिहार आज विश्वस्तरीय अवसंरचना से लैस हो चला है । उसी प्रकार लालटेन युग में जीने को अभिशप्त अपने राज्य को हमने शत-प्रतिशत विद्युतीकरण से आच्छादित किया है। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता केवल निर्माण और विकास नहीं है बल्कि उसका सतत और टिकाऊ होना भी हम सुनिश्चित करते हैं । इसीलिए आज हम सड़क निर्माण के साथ उनका अनुरक्षण पर भी बल देते हैं। बिहार खनन परिदृश्य को अवैध और आपराधिक परिपाटियों से मुक्त करते हुए रोजगार और राजस्व का लाभकारी जरिया बनाने में जुटे हैं। बीते दिनों केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार ने वृहत खनन के क्षेत्र में प्रवेश किया है। जिससे निश्चित रूप से सकारात्मक प्रभाव सृजित होगा। हमारी नई पर्यटन और फिल्म प्रोत्साहन नीतियों के कारण निवेशकों में उत्साहजनक माहौल बना है। श्री सिन्हा ने कहा विद्वेष और विभाजन को हवा देकर अपने परिवार की सत्ता सुरक्षित करने में जुटी ताकतों को यह बढ़ता और बदलता बिहार रास नहीं आ रहा। वे तमाम हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह अपना राजनीतिक माफिया राज वापस लाना चाहते हैं ।लेकिन वे भूल गए हैं कि बिहार की जनता साफ नीयत और समावेशी नीति के साथ विकास के रास्ते पर जाना चाहती है। और जब-जब चुनाव हुए हैं प्रदेश की जनता ने ठऊअ को अपना आशीर्वाद दिया है। अगले चुनाव में बिहार के लोग राजद के राजनीति की लालटेन पूरी तरह बुझाने जा रहे हैं ।

## बिहार में चल रहा है कहर काल : राठौड़



पटना। कांग्रेस ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा है कि बिहार में विकास का दावा करने वाले डबल इंजन की सरकार असल में विनाश के राह पर बिहार को ले जा रही है। ये भाजपा जदयू की लहर नहीं बल्कि बिहार के लिए कहर काल चल रहा है जहां कानून व्यवस्था से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पंगु हो चुकी है। राजेश राठौड़ ने कहा कि बिहार में न शासन है न प्रशासन है और जिसको इसे व्यवस्थित करना है वो रोज अपने गठबंधन को बचाने की कवायद में सुबह शाम कसमें वादे निभाते हुए सार्वजनिक मंचों पर दिख रहे हैं। ये बताने को काफी है कि बिहार की स्थिति अभी राजनीतिक उथल पुथल के कारण प्रशासनिक स्तर पर भी चरमरा गई है।

# आरक्षण के मुद्दे पर राज्य और केंद्र की भूमिका संदिग्ध : गगन

● कहा-आरक्षण के मुद्दे को लेकर सडक, सदन और अदालत में लड़ेगा राजद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजद ने आरक्षण के मुद्दे पर केन्द्र और राज्य सरकार को घेरा है। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में बढ़ाये गये 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक मामले में केंद्र व नीतीश सरकार को नोटिस थमा दिया। गगन ने आगे कहा कि अदालत का यह नोटिस एक तरह से इस बात पर मुहर लगाने के समान है कि बढ़े आरक्षण के मुद्दे पर राज्य और केंद्र की भूमिका संदिग्ध है। इस तरह अब यह तय सा हो गया है कि बिहार में 65 प्रतिशत बढ़ाये गये आरक्षण पर रोक के मामले में जो लकीर है उसके एक तरफ राजद है तो दूसरी तरफ भाजपा और जदयू। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जब तक सीएम राजद के साथ थे, तब तक वह आरक्षण के पक्ष में जरूर थे क्योंकि उन पर राजद का दमदार प्रेशर था। लेकिन भाजपा के साथ जाते ही मोदी-शाह को खुश करने की भूमिका में आ चुके हैं। पटना हाईकोर्ट में जब बढ़े हुए आरक्षण पर रोक लगाने की याचिका पर बहस हुई तो निश्चित तौर पर राज्य सरकार ने भाजपा को खुश करने के लिए अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा। नतीजा यह हुआ कि पटना हाईकोर्ट ने आरक्षण संशोधन कानून पर रोक लगाने का फैसला सुना दिया। अब बिहार और देश के नागरिक आश्वस्त हो चुके हैं कि दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई योद्धा है तो वह तेजस्वी यादव हैं, कोई और नहीं.राष्ट्रीय जनता दल कि यह घोषणा कि वह आरक्षण के मुद्दे को सडक, सदन और अदालत तीनों मैदानों में लड़ेगा और जीतेगा। मतलब स्पष्ट है कि आरक्षण पर दोमुंही राजनीति करने वाली भाजपा और भाजपा की जीहुजूरी करने वाला जदयू जनता की नजरों में बेनकाब हो चुके हैं।

## उत्थान के पहले ही तेजस्वी का राजनीतिक पतन शुरू : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने लालू और तेजस्वी यादव पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि लालू-तेजस्वी को अपने गुनाहों की सजा तो भुगतनी ही पड़ेगी। जैसी करनी -वैसी भरनी तो विधि का विधान हैं। लालू और तेजस्वी जितना हाथ-पैर मार लें, उन्हें अपने कर्म का फल भोगना ही होगा। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू-तेजस्वी और अन्य आरोपियों को समन पर आदेश शनिवार को भले ही टाल दिया है, लेकिन लालू और उनके परिजन अपने गुनाहों की सजा से बच नहीं सकते। कोर्ट से सिर्फ सप्ताह भर की राहत मिली है। समन जारी करने को लेकर 13 सितंबर को फिर सुनवाई होगी। लालू और उनके संगी-साथियों को जेल जाना तय है। श्री मिश्र ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी का राजनीतिक कैरियर उदय होने के पहले ही अस्त होने की ढलान पर है। यह उनके पिता के पापों का फल है। उन्होंने कहा कि लालू के परिवार के पाप का घड़ा अब भर चुका है। भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। कोर्ट के फैसले के बाद लालू का परिवार चुनाव लड़ने लायक नहीं रह जाएंगे। लालू के परिवार और उनके संगियों के राजनीतिक कैरियर का अब अंत होनेवाला है।

## राजद आरक्षण के मुद्दे को लेकर चुप बैठने वाला नहीं : अरुण



पटना। राजद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई उपरांत सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में बढ़ाये गये 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक मामले में केंद्र व बिहार सरकार को नोटिस जारी किये जाने पर राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि अदालत का यह नोटिस एक तरह से इस बात पर मुहर लगाने के समान है कि बढ़े आरक्षण के मुद्दे पर बिहार सरकार और केंद्र की एनडीए सरकार की भूमिका संदिग्ध है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पटना हाईकोर्ट में बढ़े हुए आरक्षण पर रोक लगाने की याचिका पर बहस के दौरान राज्य सरकार ने भाजपा को खुश करने के लिए अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा। नतीजा यह हुआ कि पटना हाईकोर्ट ने आरक्षण संशोधन कानून पर रोक लगाने का फैसला सुना दिया। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आरक्षण के मुद्दों पर दोमुंही राजनीति करने वाली भाजपा और भाजपा की जीहुजूरी करने वाला जदयू जनता की नजरों में बेनकाब हो चुका है। बिहार में 65 प्रतिशत बढ़ाये गये आरक्षण पर रोक के मामले को लेकर यह साफ स्पष्ट हो गया है कि भाजपा-जदयू नहीं चाहती है कि दलितों, अतिपिछड़ों, पिछड़ों और आदिवासियों को उनका हक मिले। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद आरक्षण के मुद्दे को लेकर चुप बैठने वाला नहीं है। आरक्षण को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में राजद सड़क, सदन और अदालत तीनों मैदानों में मजबूती से लड़ेगा और जीतेगा।

## गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर लालू प्रसाद सहित राजद नेताओं ने दी बधाई

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचन्द्र राम, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने देशवासियों और राज्यवासियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है। इस पावन अवसर पर बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता विघ्नहर्ता गणपति भगवान से सभी के सुखी, सफल और आरोग्य जीवन की मंगलकामना और भगवान आपको सम्पूर्ण खुशियां दें, इसके लिए कामना की है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा में टेका मत्था

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पवित्र गुरुग्रंथ साहिब के सामने झुकाया शीश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रदेश के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ पटना के तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा पहुंचे। यहां इन्होंने पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन किए और मत्था टेका और आशीर्वाद लिए। डॉ. जायसवाल आज के दिन की शुरूआत पवित्र स्थान सिखों के दसवें गुरु श्री गोबिन्द सिंह का जन्मस्थली श्री पटना साहिब या श्री हरमंदिर जी गुरुद्वारा से की। गुरुद्वारा पहुंचकर उन्होंने मत्था टेका और बिहार की खुशहाली और प्रगति के लिए प्रार्थना की। पटना सिटी में स्थित सिख आस्था से जुड़ा यह एक ऐतिहासिक दर्शनीय स्थल है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा सरोपा भेंटकर स्वागत किया गया । इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी गुरुद्वारा में मत्था टेका।

# दिन-प्रतिदिन भाजपा परिवार का हो रहा विस्तार : जायसवाल

## खाजेकलां घाट के समीप दलित बस्ती में भाजपा का सदस्यता अभियान प्रदेश अध्यक्ष ने की शिरकत

● अनुसूचित जाति के हजारों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के तहत आज खाजेकलां घाट के समीप दलित बस्ती में सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. जे. पी. नड्डा और बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान हजारों अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा परिवार के सदस्यों के लिए अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि दिन-प्रतिदिन भाजपा परिवार विस्तार पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने भारी संख्या में उपस्थित अनुसूचित जाति की देवतुल्य जनता को भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रहित की बात करने और सोचने वाली पार्टी सिर्फ भाजपा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस सदस्यता अभियान का शुभारंभ दो सितंबर को हुआ है। पूरे देश के अंदर छह वर्ष पर भाजपा का सदस्यता अभियान चलता है। भाजपा के कार्यकताओं के साथ ही पार्टी के राष्ट्रवादी मिशन से जुड़ने के इच्छुक लोग भी इसका हिस्सा बनते हैं। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह देश के अंदर राष्ट्रवादी मूल्यों और सिद्धांतों पर चलने वाली एकमात्र पार्टी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने जोर देकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 एक राष्ट्रवादी मिशन है और राष्ट्र के प्रतिप्रेम करने वाले, राष्ट्रीय मूल्यों और सिद्धांतों के साथ चलने वाले हर व्यक्ति को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। कार्यक्रम में एक अनोखा दृश्य भी देखने को मिला जब बूथ अध्यक्ष , मंडल अध्यक्ष , जिला अध्यक्ष , प्रदेश अध्यक्ष एवम् राष्ट्रीय अध्यक्ष एक साथ एक मंच पर सदस्यता अभियान में शामिल हुए । यह एक अदभुत पल था जो किसी अन्य पार्टी में देखने को नहीं मिलता ।
इस मौके पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता उपस्थित थे।

## दो लाख का इनामी अपराधी रंजीत चौधरी गिरफ्तार

पटना। बिहार में दो लाख रुपए के इनामी अपराधी रंजीत चौधरी को उत्तराखंड के ऋषिकेश से गिरफ्तार किया गया है। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और उत्तराखंड पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया है। रंजीत पर बिहार के भोजपुर, पटना और झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट एवं पुलिस पर हमला सहित दो दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो लाख के इनामी कुख्यात अपराधी तथा बालू माफिया रंजीत चौधरी को उत्तराखंड के ऋषिकेश से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बिहार के भोजपुर के उदवंतपुर का रहने वाला है।

## चिराग ने गणपति महोत्सव के अवसर पर की पूजा अर्चना



पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने पूरे परिवार सहित गणपति महोत्सव के अवसर पूजा अर्चना की। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## श्री दादीजी मंदिर में गणेश पूजन धूम धाम से मना

पटना। बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में शनिवार को श्री दादीजी सेवा समिति का 36 वां स्थापना दिवस गणेश चतुर्थी के दिन धूम धाम से मनाया गया। मौके पर दादीजी मंदिर को खूब अच्छी तरह देशी विदेशी फूलों से सजाया गया। मौके पर गणेशजी की पूजन की गयी तथा 108 किलो लड्डू का भोग चढ़ाया गया। मुख्य यजमान के रूप में सूर्य नारायण एवं बबिता नारायण ने पूजा अर्चना की। मौके पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलायें एवं पुरुषों ने गणेश वंदना की। भक्तजन भक्ति में नाचते झूमते गा रहे थे। गजानन कर दो बेड़ा पार, आज हम तुम्हे मनाते हैं ! तुम्हे मनाते हैं गजानन तुम्हे मनाते हैं !! जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा! माता जाकी पार्वती पिता महादेवा !! गाईये गणपति जग वंदन : शंकर सुमन भवानी के नंदन मौके पर दादीजी सेवा समिति के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि 36 वर्ष पूर्व 1989 में दादीजी सेवा समिति की स्थापना एक बहुत ही छोटे रूप में की गयी थी जो भक्तों के सहयोग से आज वट वृक्ष की तरह बढ़ गया है और समाज में सेवा का कार्य कर रहा है। मौके पर शक्तिधाम स्थित श्याम प्रभु का चोकचंदा पर बाबा का सिंधारा, भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें नरेंद्र शर्मा, शंकर शर्मा, मनोज केडिया , मनोज अग्रवाल, संतोष खीरवाल, शुभम शर्मा एवं श्याम मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित थे। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, सूर्य नारायण, रमेश मोदी, रौशन सर्राफ, मोहन सर्राफ, रमेश अग्रवाल सहित अन्य लोग लगे हुए थे।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धि–पत्र

पत्र संख्या– गति शक्ति/ई–टेन्डर/11/खुली/शुद्धि/डीएनआर/24–25 दानापुर, दिनांक 06.09.2024

निविदा सूचना संख्या गति शक्ति/ई–टेन्डर/11/खुली/शुद्धि/डीएनआर/24–25 दिनांक 20.08.2024 के मद संख्या जो कि दिनांक 11.09.2024 को खोली जानी है। उक्त कथित निविदा की विज्ञापन हेतु भेजा गया पत्र में त्रुटिवश (हिन्दी में) दिनांक 12.09.2024 लिखा गया है, **जिसे 11.09.2024 पढ़ा जाय** एवं निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेगी।

**व.मं.अभि. (गतिशक्ति), पू.म.रेल, दानापुर**

पीआर/01090/डीएनआरजीएस/ईजी./सी/24–25/20

# समूह गान प्रतियोगिता 2024 का आयोजन



पटना। भारत विकास परिषद, सत्यम शाखा एवं मैत्री शाखा द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन प्रेमचंद रंगशाला में किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इसमें पटना के 14 चयनित विद्यालयों से लगभग 150 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देश प्रेम की भावना को जगाना एवं अपने संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, पद्मश्री डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह , प्रांतीय सचिव (संस्कार) अभिषेक कुमार एवं अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष उमेश कुमार विद्यार्थी ने किया। प्रांतीय संगठन सचिव मुन्ना प्रसाद पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने भारत विकास परिषद् के लक्ष्य के बारे में बताया। कार्यक्रम का संयोजन पटना जिला संयोजक अजीत कुमार ने किया एवं सञ्चालन शाखा सचिव जय कुमार सिन्हा ने किया। नन्द किशोर यादव ने भारत विकास परिषद् के कार्यों की सराहना की और सभी बच्चों को शुभकामाएं दी। डॉ जितेंद्र कुमार सिंह ने बच्चों के स्वास्थय पर चर्चा की। श्रीमती सुमन सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता देश भर में बच्चों और युवाओं को एक मंच पर आने का अवसर प्रदान करती है, जहां वे अपने देश प्रेम एवम प्रतिभा का प्रदर्शन करते है। प्रांतीय सचिव (संस्कार) अभिषेक कुमार ने प्रतियोगिता के नियमों के बारे में बताया और कहा संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा और संस्कार की भावना को जगाना है। पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद जी ने प्रतियोगिता के महत्त्व को बताते हुए कहा यह प्रतियोगिता देशभक्ति और सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह और पूर्व विधायिका एवं पूर्व महिला आयोग की सदस्य उषा विद्यार्थी ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया।

# छंदों में आबद्ध कविताएं ही दीर्घजीवी होती हैं और रचनाकार को आयुर्मान बनाती हैं

● साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई काव्य-कार्यशाला
● नवोदित कवियों के साथ बुजुर्गों ने भी सीखी कविताई !

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



छंद से कविता को गेयता प्राप्त होती है। गेय रचनाएँ श्रोताओं और पाठकों के कंठ से होकर हृदय में उतरती और स्थायी स्थान बना लेती है। ऐसी ही छंदोबद्ध कविताएँ दीर्घ-जीवी होती हैं और कवि अथवा कवयित्री को आयुर्मान बनाती हैं। तुलसी, सूर, कबीर,मीरा, रहीम, रसखान आज भी इसीलिए जीवित हैं कि उनकी रचनाएँ विविध छंदों में थीं और इसीलिए मानव-जिह्वा पर चढ़ी रहीं। यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में विगत १ सितम्बर से आयोजित हिन्दी पखवारा-सह-पुस्तक चौदस मेला के सातवें दिन आयोजित हुई काव्य-कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि मात्रिक-छंद लिखना अत्यंत सरल है। कठिन मानकर कविगण प्रयास ही नहीं करते हैं, यही बाधा है। मात्रा की गणना सरलता से सीखी जा सकती है। डा सुलभ ने मात्राओं की गणना के साथ गीत-गजल, दोहे, मुक्तक, कुंडलियाँ आदि के रचना-विधान से कवियों को अवगत कराया। छंद पर अपना व्याख्यान देते हुए वरिष्ठ कवि पं मार्कण्डेय शारदेय ने कहा कि छन्द जानना इस लिए आवश्यक कि कविता गेय हो जाती है। यह एक सुंदर कला है, जो किसी सामान्य को विशेष बनाता है। छंद के वरिष्ठ कवि आचार्य विजय गुंजन ने छंद-विधान, अलंकार और प्रतीकों के प्रयोग का सोदाहरण प्रशिक्षण दिया। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा पूनम आनंद, चंदा मिश्र, डा आर प्रवेश, डा शालिनी पाण्डेय, अरुण कुमार श्रीवास्तव, पंकज प्रियम, ई अशोक कुमार, सिद्धेश्वर, मनोज कुमार उपाध्याय, सुजाता मिश्र, सरिता कुमारी, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, कृष्णरंजन सिंह, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, दिनेश्वर लाल दिव्यांशु, बाँके बिहारी साव, भास्कर त्रिपाठी, नन्दन कुमार मीत, मयंक मानस, अल्पना कुमारी, राहूल कुमार, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार, सत्य प्रकाश, संजय कुमार, रवि रंजन आदि कवियों एवं प्रबुद्धजनों ने प्रशिक्षण-शाला में भाग लिया।

पूर्व मध्य रेल

ई–ऑक्शन सूचना

सं:–कॉम/एनएफआर/डब्लूआर/डीएनआर

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–

**1. कार्य का नाम:** दानापुर मंडल के अंतर्गत पाटलिपुत्र जं. (प्लेटफार्म संख्या–01) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी प्रतीक्षालय का उन्नयन एवं रखरखाव ।, **2. अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष , **3. केटलॉग संख्या :** कॉम–एनएफआर–डब्लूआर–डीएनआर, **4. लॉट संख्या :** पीएनयू–डीएनआर–पीपीटीए– डब्लूआरएल–90–24–1, **5. ई–नीलामी की तिथि व समय:** दिनांक 24.09.2024 को 13:00 बजे से 13:30 बजे तक । लॉट संख्या (पीएनयू–डीएनआर–पीपीटीए–डब्लूआरएल–90–24–1) के लिए ई–नीलामी होगी। (प्रारंभिक कुलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) **7. वेवसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:www.ireps.gov.in.**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01083/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/32

## संक्षिप्त खबरें

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले की पुलिस ने कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत 50 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी आजाद ठाकुर को एसटीएफ की मदद से गिरफ्तार किया है।यह गिरफ्तारी अहियापुर थाना क्षेत्र से हुई है। यह जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश सरोज दीक्षित ने बताया कि पकड़े गए अपराधी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं । वह एससी एसटी एक्ट के अलावे रंगदारी आर्मस्ट्रांग आट्र्स एक्ट आदि मामले में वांछित है। फिलहाल उसके पास से गिरफ्तारी के दौरान किसी भी तरह के हथियार की बरामदगी नहीं है । पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### मुश्किल में फंसी महिलाओं को सुरक्षित घर तक पहुंचाएगी पुलिस

मुजफ्फरपुर। पुलिस मुख्यालय के आदेश के आलोक में जिले में भी सुरक्षित सफर अभियान की शुरूआत की गई है। जिसमें लड़कियां, महिलाएं अगर किसी ऐसी जगह पर फंसी हैं जहां से वह अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी महसूस कर रहे हैं या उन्हें कोई तंग तबाह कर रहा है और वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं तो 112 पर फोन कर सुरक्षित सफर का लाभ उठा सकती हैं। उनके सूचना देने के 15 मिनट के भीतर पुलिस उनके सहयोग हेतु उन तक जाएगी। यह जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश सरोज दीक्षित ने बताया कि सुरक्षित सफर अभियान का जिले में फिलहाल 15 सितंबर तक ट्रायल चलेगा । इसके पश्चात इस अभियान को स्वतंत्र मोड में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सर्विस का लक्ष्य ही है जिले में लड़कियों और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना । यह सर्विस 24 घंटे सुचारू रहेगी । उन्होंने आह्वान किया कि लड़कियां और महिलाएं कहीं कोचिंग घर अथवा स्टेशन पर फंसी हो तो वह अवश्य ही इस अभियान का लाभ उठाएं । इस अभियान का संचालन पुलिस 112 के तर्ज पर ही किया जा रहा है। इसकी मॉनिटरिंग पटना मुख्यालय से की जा रही है।

### करंट लगने से किसान की मौत

मुजफ्फरपुर । जिले के पीयर थाना क्षेत्र के नुनफारा गांव में शुक्रवार की अहले सुबह की बिजली की करंट की चपेट मे आकर एक किसान की मौत हो गई। मृतक का पहचान नुनफारा डीह गांव के 45 वर्षीय रंजीत ठाकुर के रूप में हुई है। मृतक के भाई संजीव ठाकुर ने बताया कि उनके बड़े भाई रंजित ठाकुर सुबह में धान की खेत में पानी लगाने के लिए निकले थे। इसी बीच सबलडीहा गांव के सुरेंद्र मिश्र की मक्के की खेत में फसल की सुरक्षा के लिए लगाई गई नंगे बिजली की तार की चपेट मे आ गए। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जीवित होने की आस में उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। थाना अध्यक्ष पंकज यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। अभी तक किसी प्रकार की आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मो कारी सोहैब को पूर्णिया जिला प्रभारी बनाए जाने पर विभूतिपुर राजद कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

विभूतिपुर/समस्तीपुर राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह द्वारा विधान पार्षद मो० कारी सोहैब को पूर्णिया का जिला प्रभारी बनाए जाने पर राजद कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दिया है। बधाई देने वालों में राजद प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंगा यादव, वरीय नेता रामाशीष यादव, राजद नेता तिलो यादव, प्रोफेसर आर. के.पूर्वे, मुकेश कुमार, संतोष सिंह, मनोज कुशवाहा, महेश राय, सतीश कुमार, सुरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र महतो, सुनील कुमार यादव, सुमंत कुमार, विकास कुमार , विक्की यादव आदि शामिल हैं। वहीं कार्यकताओं ने प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है।

### अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का दिया अंजाम

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर वार्ड 12 बैंती पार में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने एक घर में चोरी की घटना का अंजाम दिया। घटना के संबंध में गृहस्वामीनी अकलू महतो की पत्नी फूल कुमारी देवी ने बताई की मेरे पति कोलकाता में रहते हैं। शुक्रवार की रात्रि खाना खाकर में एक कमरे में सो गई। अज्ञात चोरों ने दूसरे कमरे में रखा एक अटैची एवं एक बक्सा घर से निकालकर घर के पीछे एक बंसवारी में ले गया और ताला तोड़कर बक्सा में रखे सारे कागजात एवं कपड़ा को इधर-उधर फेंक दिया तथा 6000 नगद लेकर फरार हो। घटना की जानकारी सुबह होकर लगी।

# विकास कार्यों की बदौलत देश व बिहार बदल चुका है अब दरभंगा भी बदलेगा : जेपी नड्डा

## डीएमसीएच में 150 करोड़ की लागत से निर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का किया लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के तौर पर दरभंगा को बेहतरीन तोहफा मिला है। जल्द ही एम्स भी बनेगा। उक्त बातें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कही। शनिवार को उन्होंने दरभंगा एम्स की भूमि का मुआयना करने के बाद डीएमसीएच में 150 करोड़ की लागत से निर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया। फिर दरभंगा मेडिकल कालेज के आडिटोरियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यों की बदौलत देश व बिहार बदल चुका है अब दरभंगा भी बदलेगा। मांगनेवाला भारत दूसरे देशों को दे रहा है। कोरोना में जब पूरी दुनिया लड़खड़ाने लगी तो भारत ने दो वैक्सीन बना लिया। अपने देश के साथ ही साथ विश्व के 100 देशों को वैक्सीन दी गई। जिसमें से 48 देशों को मुफ्त में वैक्सीन भेंट की गई। यह बदलाव की ताकत है जो जनता की अंगुली में है। सही जगह पर अंगुली से बटन दबाएंगे तो सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल-एम्स बनेगा। गलत बटन को दबा दीजिएगा तो लोग मुरैठा बांध कर गुंडागर्दी शुरू कर देंगे। यही वजह है कि कभी बिहार में शाम के पांच बजे के बाद लोग घर से नहीं निकलते थे। उन्होंने बताया कि पहले बिहार में सात मेडिकल कालेज था। आज 35 हो गए हैं। पूर्णिया, सारण,समस्तीपुर, झंझारपुर, सीवान, बक्सर और जमुई जैसे जिलों में मेडिकल कालेज खुल चुका है। उन्होंने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी में सिटी स्कैन मशीन का इंस्टालेशन हो गया है। जैसा आधुनिक आपरेशन थियेटर दिल्ली के अस्पतालों में है। वैसे आठ आपरेशन थियेटर यहां के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में बना है। जिसका लाभ जल्द ही लोगों को मिलेगा। इससे पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शोभन बाइपास में प्रस्तावित एम्स निर्माण भूमि का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नड्डा के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय कुमार झा के अलावे स्थानीय सांसद व जिले के विधायक आदि भी मौजूद थे। आज के कार्यक्रम में सांसद गोपाल जी ठाकुर,सांसद अशोक यादव, मंत्री मदन सहनी, हरि सहनी, सांसद डा. धर्मशीला गुप्ता, नगर विधायक संजय सरावगी, डॉ मुरारी मोहन झा, विधायक मिश्री लाल यादव, विधायक रामचंद्र प्रसाद आदि ने फूलों के गुलदस्ता से उनका स्वागत किया।

## प्रेम, करुणा व मानवता की भावना को बढ़ावा देना ही जीवन का मुख्य कार्य : साईं श्री चंद्र



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। एसबीडी मंडल, दरभंगा द्वारा बुधवार को स्थानीय साईं झूलेलाल मंदिर में परम पूज्य साईं बीरबल दास जी का 21वां वार्षिक महोत्सव डबरा, मध्य प्रदेश से आए धर्म गुरू साईं श्री चंद जी के सानिध्य में बड़े धूमधाम से मनाया गया। सिंधी समाज के लोग बड़ी संख्या में इस समारोह में शामिल हुए एवं साईं जी का आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ-साथ भजन कीर्तन का लाभ उठाएँ और प्रसाद ग्रहण किया। डबरा, मध्य प्रदेश से आए धर्म गुरू साईं श्री चंद जी ने मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि साईं बीरबल दास डबरा का संदेश है कि प्रेम, करुणा और मानवता की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। साईं बीरबल दास एक धर्म परायण समाज सेवक और सामाजिक कार्यकर्ता थे , जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हमेशा काम करते थे। उनका कहना था कि हमें एक दूसरे के प्रति प्रेम और करुणा का भाव रखना चाहिए और मानवता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने अपने जीवन में कई सामाजिक कार्य किए हैं और समाज के विकास में योगदान दिया है। उनका संदेश हम सभी के लिए प्रेरणादायी है और हमें भी समाज के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या का आयोजन किया गया।अतिथियों का स्वागत करते हुए एसबीडी मंडल के अध्यक्ष अनिल ऐलानी ने सिंधी, सिंधी पंचायत के मुखिया जगत जुमनानी, पूर्व मुखिया अचवंत मल, प्रकाश लखमाणि, पवन कुमार टेकचंदानी, राजकुमार मारीवाला, सिद्धू मल, जयराम दास, अजय तलवानी, राजा टहल रमानी, राकेश लखमाणि कीर्तन लखमाणि, सोनू कृपलानी रतन टेक चंदानी, रमेश कुमार चावला, करण एलानी, मनीष कुमार, प्रदीप लालवानी, निर्मल अठवाणी, अनूप लखमाणी, राजू अठवानी, पंकज होईयानी गगन होईयानी, रावल दास बजाज, भोपाल से आए मुकेश वाधवानी, राहुल वाधवानी, मधुबनी जिला के सिंधी समाज के मुखिया लाल बाबू, हरि राजपाल, सुनील पमनानी अनिल राजदेव एवं कटिहार पूर्णिया और किशनगंज से भी सिंधी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्री गणेश भगवान की पूजा खेड़िया परिवार द्वारा सतासी वर्षों से की जा रही है



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।शहर में दर्जनों स्थान पर गणेश जी का पूजा अर्चना भक्ति व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। वही पूर्व महापौर दंपति ओमप्रकाश खेड़िया तथा बैजयंती खेड़िया के बंगलागढ़ स्थित आवासीय परिसर मे गणेश पूजनोत्सव छह दिनों तक चलने वाले वैदिक मंगलाचरण के बीच गणाधिपति श्री गणेश जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। पिछले सतासी वर्षों से चल रहे इस पूजनोत्सव मे पंडित महेश ठाकुर ने वैदिक रीति से गणपति गजानन की षोड़षोपचार पूजा करवाई। मुख्य यजमान ओमप्रकाश खेड़िया ने बताया कि हमारे परिवार मे यह गणेश पूजनोत्सव पिछले सतासी वर्षो से पूरे श्रद्धा भाव से आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि विघ्न विनायक के दर्शन के लिए दूर दूर से लोगों का आना लगा रहता है। पूजा मंदिर को कोलकाता से आये कलाकारों ने नारियल तथा फूलों से बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया है। पूरा परिसर भक्तिमय तथा मनमोहक लग रहा है। इस पूजा मे पवन खेड़िया, अमित खेड़िया, अभिनय खेड़िया, प्रतिभा बोंदिया, अमृता खेड़िया, पर्ल, रुद्रप्रताप सहित परिवार के सभी सदस्य मनोयोग से लगे हुए हैं।

## विधि लिपिक संघ बेनीपट्टी के अध्यक्ष बने संजय प्रसाद साह



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी व्यवहार न्यायालय परिसर में आज विधि लिपिक संघ बेनीपट्टी का चुनाव सुबह 10बजे से 03बजे तक शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराया गया। और3.30बजे से मत गणना शुरू कर दिया गया और 04 बजे विजेता का घोषणा किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद पर संजय प्रसाद साह 18 मत सचिव रामसोगराथ यादव 10मत कोषाध्यक्ष पद पर रामप्रकाश सिंह40मतों से विजय प्राप्त किए। बताते चले की चुनाव तीन पदों पर कराया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी ने अपना उम्मीदवारी पेश किया विजय चंद्र मिश्र संजय प्रसाद शाह ।सचिव पद पर रामनरेश प्रसाद रामसोगराथ यादव वही कोषाध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवारों ने अपना किस्मत अजमाया राकेश झा,रामकृपाल साह,राम प्रकाश सिंह। चुनाव आयोग अमरेश चौधरी मधुबनी व चुनाव प्रभारी अमरेंद्र पासवान के मौजूदगी में कराया गया जिसमें कुल 75 मतों में 72 मत प्रयोग किया गया। सचिव पद के उम्मीदवार रामनरेश प्रसाद को कुल 31मत प्राप्त हुए। वही सोगारथ यादव को 41 मत प्राप्त हुआ वही कोषाध्यक्ष पद पर राकेश झा को 09 रामकृपाल शाह को मत07 रामप्रकाश सिंह को 56 मत प्राप्त हुआ।अध्यक्ष पद पर विजय चंद्र मिश्र को 27 मत संजय प्रसाद शाह को 45 मत प्राप्त हुए। विधि लिपिक संघ बेनीपट्टी के अध्यक्ष पद पर 18 मतों से विजय हुए संजय प्रसाद साह वही सचिव पद पर सोगाराथ यादव 10 मतों से विजय हुए। कोषाध्यक्ष पद पर रामप्रकाश सिंह 40 मतों से विजय हुए। चुनाव आयोगअमरेश चौधरी वअमरेंद्र पासवान चुनाव प्रभारी के द्वारा सभी विजय हुए उम्मीदवार को प्रमाण पत्र दिया और जीत की शुभकामनाए दिए।

## खजौली में छः दिवसीय गणेश पूजा को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी खजौली प्रखंड मुख्यालय खजौली बाजार स्थित किसान भवन के परिसर में शनिवार को श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति खजौली द्वारा छ दिवसीय गणेश पूजा को लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष राम कुमार सिंह के नेतृत्व में भव्य कलश शोभा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस भव्य कलश शोभा यात्रा में 551 कन्याएं के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गयी.इस भव्य कलश शोभा यात्रा का उद्घाटन मुख्य अतिथि मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह पैक्स अध्यक्ष व हीरो एजेंसी के प्रोपराइटर अमित कुमार पूजा समिति के अध्यक्ष राम कुमार सिंह प्राचार्य प्रो. सुभाष सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया. भव्य कलश शोभा यात्रा उद्घाटन के बाद सभी कलश यात्री अपने माथे पर कलश रखकर गणपति बप्पा की जय जयकार लगाते हुए कलश लेकर पूजा स्थल से रवाना हुई.कलश शोभा यात्रा के दौरान गाजे, बाजे के साथ सभी कन्याएं एवं श्रद्धालु भक्त संतु महतो चौक, बेहटा, सुक्की साइफन चौक होते हुए पवित्र कमला नदी सुक्की घाट पर पहुंच कर कमला नदी का जल बोझकर पुनः वापस गणेश पूजा स्थल पर लाया गया.गणेश पूजा स्थल पर सभी कलश को पंडित गंगाधर झा ने पुजारी संजय कुमार सिंह को वेद मंत्र उच्चारण करके विधिवत कलश को स्थापना कराया गया. वही गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष राम कुमार सिंह ने बताया कि 7 से 12 सितंबर तक पूजा अर्चना होगी.वही 13 सितंबर को गणेश पूजा की विसर्जन कर संध्याकाल में किसान भवन परिसर के सरोवर में मूर्ति की भसान की जाएगी.उन्होंने कहा कि जो खजौली में गणेश पूजा वर्ष 1995 ई.में चालू किया गया था जो निरंतर गणेश स्थल पर पूजा अर्चना होती आ रही है. गणेश पूजा के दौरान मेला का आयोजन किया गया है.मेले में श्रधालुभक्त जनों की मनोरंजन के लिए खेल तमाशा, टावर झूला, मौत की कुआं,ब्रेक डांस सहित मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराया गया सैकड़ों श्रद्धालु भक्त जन शामिल थे।

## देश में प्रति वर्ष 4 लाख एक्सीडेट होते हैं जिनमे करीब 1.5 लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के घोघरडीहा महादलित टोले पर डफली मंजीरा बजाती हुई नुक्कड़ नाटक की टीम आई है. टीम के कलाकर हाथ में माइक लेकर सड़क दुर्घटना से बचाव को लेकर संदेश दे रहे है. एक बच्चा सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है, अस्पताल के बाहर उसके परिजन और मित्र रो रहे है इलाज के बाद डॉक्टर सबको समझाते हुए बताते है कि देश में प्रति वर्ष 4 लाख एक्सीडेंट होते है, जिनमे करीब 1.5 लाख लोग अपनी जान गंवा देते है. ये कोई आपदा नही है लेकिन इंसान की गलती की वजह से ही यह एक बड़ी आपदा बन जाती है. हम सभी को हमेशा ही बताया जाता है कि गाड़ी धीरे चलाएं, हैलमेट या सीट बेल्ट लगाकर ही गाड़ी चलाए सड़क पर हमेशा बांयें चले लेकिन आजकल के बच्चे कुछ भी सुनने को तैयार नही कभी लहरिया कट तो कभी पता नहीं कैसा-कैसा स्टंट्स मारते है इस सबसे वो अपना ही नुकसान करते हैं और परिवार सब कुछ गंवा बैठता हैनुक्कड़ की प्रस्तुति के बाद वहां इकट्ठी पूरी भीड़ जोरदार तालियां बजाकर जिला जनसंपर्क विभाग की नुक्कड़ नाटक कलाजत्था का अभिवादन करती है और भीड़ में मौजूद हर दर्शक गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहनने की, अपनी लेन में चलने की और लहरिया ड्राइव न करने की प्रण करता है. गौरतलब है कि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सूचीबद्ध कलाजत्था टीम के द्वारा 07 सितंबर को जिले के अरधावा, मधवापुर, नरेंद्रपुर, जिरौगा, करहैया पूर्वी, बोरहा गिदवास, सुगौना उत्तरी, बिदेश्वर स्थान, अररिया संग्राम, घोघरडीहा, फुलपरास आदि पंचायत में सड़क दुर्घटना से बचाव से संबंधित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई.सूचना एवं जनसंपर्क तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा उपलब्ध स्क्रिप्ट के आलोक में हुई प्रस्तुति के दौरान सड़क दुर्घटना को कम से कम करने के लिए जन सामान्य को स्थानीय भाषा मे क्या करे व क्या न करेके बारे में जागरूक किया गया. जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सूचीबद्ध छह नुक्कड़ टीम जिले के विभिन्न पंचायतों की जनता को सड़क दुर्घटना बाढ़ सर्पदंश तथा वज्रपात से संबंधित घटनाओ के बारे में अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक कर रही है।

## विभूतिपुर के लाल ने किया प्रखंड को गौरवान्वित

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत खास टभका दक्षिण पंचायत के खम्हार निवासी स्व. हरिश्चन्द्र चौधरी (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त)के पुत्र शिक्षक निलय कुमार ने विभूतिपुर को गौरवान्वित किया है। वर्तमान में वे आर.एस. बी. इंटर विद्यालय समस्तीपुर में कार्यरत हैं ।शिक्षक दिवस के मौके पर समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2024 में उन्हें सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इन्हें विज्ञान एवं गणित के शिक्षण में किये नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है ।बता दें कि अभी तक विज्ञान के विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे बाल विज्ञान काँग्रेस, साइंस सेमिनार, जवाहरलाल नेहरू बाल विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी, इंसपायर अवार्ड में 37 नेशनल लेवल पर, लगभग 100 प्रोजेक्ट स्टेट लेवल पर इनके मार्गदर्शन में गया। एक प्रोजेक्ट अंतरराष्ट्रीय लेवल पर गया। मैथ ओलंपियाड में उनके कार्य की चर्चा सूबे बिहार में है। टैलेंट सर्च इन मैथमेटिकल साइंस टीएस पीएम में गत वर्ष 24 छात्र छात्रा इस जिले से चयनित होकर पटना आईआईटी में प्रशिक्षण हेतु गए जिसमें इनकी महती भूमिका थी। श्री कुमार बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के जिला संयोजक के रूप में समस्तीपुर के नोनीहालों में गणित के प्रति ललक पैदा करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं।

## जलवायु परिवर्तन ने मौसम सम्बंधी किंवदन्तियों को खारिज कर दिया

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। प्राचीन मौसम विज्ञानी घाघ ने अपने लम्बे समय तक किए निरीक्षण - परीक्षण के बाद मौसम सम्बंधी कई कहावतें गढ़ीं थीं। उनकी कहावतों के आधार पर किसान मौसम का रुख भांप कर कृषि कार्य में जुट जाते थे।कहा तो यहां तक जाता है कि अषाढ़ महीने में किसान तेज धूप में धान का बिछड़ा उखाड़ने में जुट जाते।उधर बिचड़ा उखाड़ने का काम पूरा हुआ और झमाझम बारिश शुरू हो जाती।किसान खेत में हल-बैल लिए पहुंच जाते।बारहमासा गाते हुए कंदवा करते और धान की रोपनी होने लगती थी।घाघ ने प्रायः हर मौसम के बारे में भविष्यवाणी की है।उन्होंने किसान के प्रिय सखा बैल के लक्षणों के बारे में भी बताया है। जिस किसान के पास एक ही बैल होता , उसके लिए घाघ ने कहा दिया था ---- एक बैल से भली कुदाली। एक बैल से अच्छा है कुदाल से खेती करना। उन्होंने सावन माह में पुरवा हवा चलने को खेती - किसानी के लिए नुकसानदायक बताते हुए कहा --- सावन माह बहे पुरवइया ,बेचहु बरद ,खरीदहु गइया।मतलब सावन में पुरवा हवा बहने से बारिश नहीं होगी।बारिश नहीं होने से धान की फसल नहीं होगी।इसलिए किसान को चाहिए कि वह अपने भरण -पओषण के लिए बैल बेंच कर दुधारू गाय खरीद लें। उन्होंने आगे कहा ,सावन पछिया ,भादो पुरवा ,आसिन बहे इशान ,कार्तिक कंता सिसकियों न बोलें , कहां तू रकबा धान? तात्पर्य यह कि सावन में पछिया हवा ,भादो में पुरवा और आश्विन महीने में ईशान कोन से हवा चले और कार्तिक में हवा बिल्कुल शांत हो जाए तो धान की उपज खूब अच्छी होगी। फिर कहा , जौं पुर्वा (पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र) पुरवइया पावे बुक्कल नदी नाव चलाने। मतलब पूर्वा नक्षत्र और पुरवा हवा दोनों के संयोग से इतनी बर्षा होगी कि नदियों में बाढ आ जाएगी। अभी भादो का महीना ,पूर्वा नक्षत्र तो है मगर पुरवा हवा की जगह पछिया हवा चल रही है।किसान बर्षा के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।बर्षा की कोई सम्भावना नहीं दिखती। डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग ने आज के मौसम के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि आज का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक बढ़ कर 35.5डिग्री है जबकि न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 93 प्रतिशत और दोपहर बाद घटकर 60 प्रतिशत हो गई। पछिया हवा की गति 5.7 किमी प्रति घंटा रही। पिछले 24 घंटों में बारिश बिल्कुल नहीं हुई। जाहिर है ,भादो की यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के कारण ही बनी है।

## लनामिवि में वित्तीय सलाहकार इंद्र कुमार ने किया पदभार ग्रहण

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के नव नियुक्त वित्तीय सलाहकार इंद्र कुमार ने शनिवार को अपराह्न बाद पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व कुलानुशासक के संयोजकत्व में पदाधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से मिथिला परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया गया। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम के अनुसार विश्वविद्यालय के कार्यों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कर्मियों के हितों का ख्याल करते हुए सकारात्मक दृष्टि से सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा साथ ही उन्होंने अपने कायार्नुभव को भी सभी के समक्ष साझा किया। इस मौके पर प्रभारी कुलसचिव सह- छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो विजय कुमार यादव ने नव नियुक्त वित्तीय सलाहकार का स्वागत करते हुए पूरे विश्वविद्यालय परिवार की ओर से नियामनुकूल अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया। इस स्वागत बैठक में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।ध्यातव्य हो कि बिहार राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति महामहिम श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की ओर से भारतीय अंकेक्षण एवं लेखा सेवा से अवकाश प्राप्त अधिकारी इंद्र कुमार को तीन वर्ष की अवधि के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। श्री कुमार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के साथ- साथ कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा और जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के वित्तीय सलाहकार का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## सीएचसी में हरी झंडी दिखाकर परिवार नियोजन रथ को किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में शनिवार को परिवार नियोजन पखवारा रथ को सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी डा.शाहिद इकबाल,आयुष चिकित्सक डा.तारकेश्वर प्रसाद सहित अन्य कर्मियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया.इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डा. शाहिद एकबाल ने कहा कि मिशन परिवार विकास अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में 2 से 30 सितंबर तक मिशन परिवार विकास अभियान चलाया जाएगा. इस लेकर 2 से 14 सितंबर तक दंपत्ति संपर्क पखबारा एवं 17 से 30 सितंबर तक परिवार नियोजन सेवा पखबारे का आयोजन किया जाएगा.उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य है कि जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगो को जागरूक करना है. साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दंपत्तियों को इच्छित सेवा प्रदान करना आवश्यक है.इस कार्यक्रम को लेकर मिशन परिवार विकास के बेहत्तर प्रबंधन के लिए प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक भी की जाएगी. वही बीडीओ कि अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक की जाएगी. इस कार्यक्रम में अपने अपने पोषक क्षेत्र के आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका एवं जीविका दिदी की इस अभियान में अहम भूमिका होगी. वे घर - घर व सेंटर पर जाकर परिवार नियोजन के बारे में लोगो को विस्तृत जानकारी देगी. उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने की 21 तारीख को स्वास्थ केंद्र में परिवार नियोजन दिवस की आयोजन किया जाएगा.इसमें गर्भ निरोधक गोली, कोपर्टी सहित अन्य सामान की वितरण की जाएगी. उन्होंने कहा की नसबंदी कराने वाले लोगो को प्रोत्साहन राशि भी देने का प्रावधान है.इस मौके पर हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट, बीसीएएम शंभू कुमार, लेखा पालल्वी कुमारी, डाटा ऑपरेटर बबलू कुमार,बी. एम. ई. राजन प्रसाद रजत, एएनएम सावित्री कुमारी,शीला कुमारी, पिंकू कुमारी सहित सभी कर्मी मौजूद थे.

## बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण चार दिनों से पेयजल संकट, महम्मदपुर सकड़ा वार्ड 7 का है मामला

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के महम्मदपुर सकड़ा वार्ड 07 में नल जल योजना बिजली की आपूर्ति नहीं होने के कारण पिछले चार दिनों से बंद है। जिसके कारण पेयजल संकट की भीषण किल्लत हो गई है। इस भीषण गर्मी में नल जल बाधित रहने से लोगों के बीच हाहाकार मचा है। खासकर चौरचंद और तीज पर्व में यहां के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ा और इस भीषण गर्मी में दूर-दूर से पानी लाना पड़ा। उपभोक्ताओं द्वारा पीएचईडी के विभागीय अधिकारी से गुहार लगाने के बावजूद अभी तक नल जल योजना चालू नहीं की जा सकी है। समस्या को लेकर वार्ड 7 की वार्ड सदस्या स्वीटी कुमारी इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूतिपुर को लिखित आवेदन देकर महमदपुर सकड़ा वार्ड 07 में बिजली आपूर्ति बहाल कर ठप नल जल को चालू कराने की मांग की है। बताया जाता है कि इस वार्ड का नल जल पीएचईडी विभाग के अधीन है और इसमें अभी तक विभागीय अधिकारी अभिरुचि नहीं ले रहे हैं। जिससे पानी के लिए हाहाकार मचा है ।इस संबंध में पूछे जाने पर पीएचईडी के सहायक अभियंता रामवृक्ष बैठा ने बताया की विभाग के अधीन जितनी भी नल जल योजनाएं थी उसमें विद्युत आपूर्ति करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र भेजा जा चुका है।

# विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ एवं एकीकृत जलनिकासी कार्य का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई है।मुख्यमंत्री ने फल्गु नदी के किनारे आयोजित कार्यक्रम स्थल से विष्णुपद मंदिर तक वैकल्पिक पहुंच पथ तथा एकीकृत जल निकासी कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और नवनिर्मित पथ का निरीक्षण किया है। यह नवनिर्मित पथ मानपुर पुल से सीधे विष्णुपद मंदिर को जोड़ता है। इसके साथ ही यह पथ विष्णुपद मंदिर को सीधे एन०एच०-82 से जोड़ेगा, जिससे संकीर्ण मार्ग से घूमकर मंदिर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस पथ से सीताकुण्ड, गयाजी धाम, विष्णुपद मंदिर और एन०एच०-82 तक एक कॉरिडोर के रूप में दिखेगा।



इससे आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से मनसरवा नाला पर घुघरी टांड़ मोड़ से फल्गु नदी तट तक बॉक्स नाला-सह-सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। एन०एच०-82 से विष्णुपद मंदिर के समीप तक पी०सी०सी० पथ,नाला का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर के समीप बंगाली आश्रम से एन०एच०-82 सुब्रत पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य एवं एन०एच०-82 पथ के किनारे एक तरफ वाहन पड़ाव एवं रैम्प निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मयोनि एवं प्रेतशीला पहाड़ी पर मृदा जल संरक्षण कार्य का भी शिलान्यास किया गया है। विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने गया समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की गई है।इस समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ० त्याग राजन एस०एम० ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई है।इस दौरान पितृपक्ष मेला-2023 पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई जिसमें यहां पर पधारे श्रद्धालुओं ने पितृपक्ष मेले के इंतजाम की प्रशंसा की और अपने-अपने सुखद अनुभव साझा किए। पितृपक्ष मेले को बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद भी दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेले का आयोजन 17 सितंबर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित है। सभी महत्वपूर्ण वेदियों एवं घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए अच्छी और सभी प्रकार की व्यवस्था की गयी है। कार्य समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को बेहतर व्यवस्था के संचालन की जिम्मेवारी दी गयी है। जिलाधिकारी ने पितृपक्ष मेले के दौरान आवासन, साफ-सफाई, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, विद्युत व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांगजन के लिए आवागमन की व्यवस्था, यातायात सुविधा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी है। पितृपक्ष मेले के संबंध में सभी तरह की सूचना उपलब्ध हो सके, इसके लिए पिंडदान गया मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। कॉल सेंटर के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी मिलेगी।

# व्यवसाई के घर हुए लूट के बाद शेरघाटी बन्द

● शेरघाटी में निकाला गया आक्रोश मार्च हजारों व्यवसाई हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। शहर में लगातार हो रहे अपराधिक घटनाओं को लेकर शेरघाटी शहर के व्यवसाइयो ने शनिवार को अपनी-अपनी दुकान बंद रखकर विरोध मार्च निकाला है मालूम हो कि शेरघाटी के मुख्य बाजार रमना मोड़ के निकट शुक्रवार के अहले सुबह तकरीबन 7:00 बजे कपूर ट्रेडर्स नमक तेल मिल में हथियारलेस अपराधियों ने घर में घुसकर लाखों रुपए के सामान समेत लाखों रुपए की डकैती हुई है।

उसी को आक्रोश जताते हुए शेरघाटी शहर के व्यवसाइयों ने अपनी अपनी दुकान बंद कर सरकार एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया है इधर जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन किशोर ने बताया कि शेरघाटी में लगातार हो रहे आपराधिक घटनाओं से शहर के लोग काफी भयभीत हैं। और पुलिस लाचार और वयस्क दिख रहीं है जिससे लोगों को सड़क पर घूमना भी काफी मुश्किल हो गया है उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि लगातार दो महीने से हो रहे इस प्रकार की घटनाओं से लोगों में काफी भय का माहौल बना हुआ है।

जिससे लोग अपने कार्य बेहतर तरीके से नहीं कर पा रहे हैं।

वहीं पुलिस कार्रवाई के बदले अपने हाथ पर हाथ रखकर सोई हुई है बातचीत के दौरान उन्होंने कहा की इन दिनों लगातार शहर के अलग-अलग इलाकों में लूट की घटना छीनतई की घटना समेत सीएसपी संचालक से लूट की घटना शेरघाटी व्यवहार न्यायालय परिसर में अपराधियों द्वारा गोली कांड किए जाने समेत तमाम प्रकार के घटनाओं के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि फिलहाल के दिनों में ही एयरटेल कर्मी को गोली मार कर 14 लाखरुपए लूट कर भागने समेत कई प्रकार कैसे घटना है जिससे अपराधी लगातार अंजाम दे रहे हैं।

और पुलिस इस पर कड़ी एक्शन नहीं ले रही है जिससे शहर वासियो में काफी भय का एवं दहशत का माहौल बना हुआ है। अपराधियों का हौसला बुलंद है प्रशासन लाचार दिख रही है इसी उद्देश्य को लेकर हमसब शहर वासियों का मांग है कि शहर में दो अलग-अलग जगह पर पुलिस ओपी की स्थापना की जाए जिससे अपराधियों पर नकेल कसी जाए। सभी लोगों ने अपनी अपनी बाते बताई और हामी भारी। आक्रोश मार्च की शुरूआत शहर के जेपी चौक से किया गया और लोग अपने-अपने हाथों में काला पट्टी लगाकर विरोध किया है।

यह कार्यक्रम की शुरूआत शहर के जेपी चौक से होते हुए मुख्य मार्ग से थाना गेट के पास जाकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तारी को लेकर मांग किया है। उक्त दौरान शेरघाटी डीएसपी के खिलाफ हाथो में तख्ती लेकर लोगो ने जताया विरोध। उक्त दौरान शेरघाटी विधायक मंजू अग्रवाल, संतोष गुप्ता, जयंत कुमार सिंह बृजनंदन सिंह संतोष गुप्ता दीनानाथ पांडे प्रमोद वर्मा राजेश सिंह रामबदन सिंह, आबिद इमाम, मोहम्मद अबरार, अमित अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, टना अग्रवाल,मनोज अग्रवाल के अलावा हजारों की संख्या में व्यवसाई वर्ग के लोग भी उपस्थित थे।

# निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने में पैनल अधिवक्ताओं की भूमिका अहम : सचिव

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सुकुल राम द्वारा आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में जिला विधिक सेवा प्राधिकार अन्तर्गत सूचीबद्ध सभी पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमें सचिव के द्वारा पैनल अधिवक्ताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्रदान की गयी भूमिका की सराहा गया तथा कहा गया कि निःशुल्क विधिक सहायता में आपकी भूमिका काफी अहम है और आप लोग इसे निरंतर करते आ रहे हैं। विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगो का हक और अधिकार से अवगत कराने के लिए आप लोग अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए समुचे क्षेत्र के लोगो को लाभान्वित करते है जिससे कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रति लोगो में काफी विश्वास पैदा हुआ है और इस कार्य को आप लोगो को निरंतर करते रहना है। सचिव द्वारा सभी पैनल अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने स्तर से पहल करते हुए अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निस्तारण के लिए सक्रिय सहभागिता हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उन्हें आगामी 14 सितम्बर, 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय आपराधिक वादों को अपने स्तर से चिन्हित कर निष्पादन करवाने का निर्देश दिया गया। सचिव के द्वारा बैठक के पूर्व पैनल अधिवक्ताओं द्वारा पूर्ववर्ती आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लम्बित सुलहनीय वादों के निस्तारण में सहयोग के लिए प्रशंसा किया गया तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले को सभी मामलें में सर्वश्रेष्ठ बनाने हेतु पूर्ण सहयोग की अपील किया गया जिसपर सभी पैनल अधिवक्ताओं ने अपने स्तर से पहल करते हुए सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक निस्तारण करने में अपनी पुरी क्षमता के साथ सहयोग करने में अपनी सक्रिया भूमिका निभाने के लिए सहमति प्रदान करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि 14 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारिया अनवरत की जा रही है।

# विश्व प्रसिद्ध ध्यान प्रशिक्षक श्रेयांस डागा हुए शामिल, निकाली गई शाकाहार रैली

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पत्रीजी बोधगया ध्यान महायज्ञ 2024 के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही, सुबह 5 बजे से ही लोगों के आने का तांता इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, बोधगया की ओर लगा रहा, कार्यक्रम के शुरूआत में 2 घंटे का लाइव संगीत ध्यान सत्र का आयोजन हुआ जिसमें एक साथ 1000 से अधिक लोगों ने ध्यान किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में देश के दूसरे राज्यों से आये वरिष्ठ पिरामिड मास्टर्स ने ध्यान से सम्बंधित लोगों के प्रश्नों का जवाब दिया और ध्यान के महत्वपूर्ण गुणों के बारे में बताया है। आज का कार्यक्रम मुख्य रूप से विश्व के प्रसिद्ध ध्यान प्रशिक्षक श्रेयांस डागा के इर्द-गिर्द रहा, श्रेयांस डागा ने अपने सत्र में ध्यान से सम्बंधित कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया जैसे मनुष्य के जीवन पर ध्यान का प्रभाव, ध्यान से मानसिक और शारीरिक शांति, ध्यान से कई रोगों से छुटकार, सांस कैसे काम करती है ब्रेथ वर्ककई बातों पर उन्होंने अपनी बातें लोगों के समक्ष रखी और लोगों के प्रश्नों का जवाब दिया है।आगे के सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किये गए डांस और गानों पर लोग झूम उठे। पशुओं की अदालत से सम्बंधित कार्यक्रम में जानवरों पर किये जा रहे हिंसा और उनकी व्यतथा और व्याकुलता को प्रस्तुति के जरिये लोगों के समक्ष रखा गया।

बिहार के सभी जिलों से आये ध्यान मास्टर्स ने अपने विचार रखे और लोगों को ध्यान क्यों करना चाहिए इसके बारे में लोगों को बताया। दूसरे दिन के कार्यक्रम के अंत में एक भव्य शाकाहार रैली निकाली गयी जिसमे बड़ी संख्या में लोग पिरामिड टोपी पहन और ध्यान एवं शाकाहार से सम्बंधित संदेशों को लोगों तक पहुंचाने के लिए समूह में इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से निकल कर, सुजाता बाईपास मोड़ होते हुए टिक्का बीघा पर रैली की समाप्ति की है।मालूम हो कि विगत 9 महीनों में पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटीज मूवमेंट एवं बिहार पिरामिड मेडिटेशन फाउंडेशन के द्वारा बिहार में लगभग 28 हजार से अधिक लोगों को ध्यान सिखाया गया है।

# पंकज ज्योति स्पोर्ट्स अकादमी के 17 खिलाड़ी राज्य खेल सम्मान से सम्मानि

## रग्बी फुटबॉल के अध्यक्ष सुधीर शर्मा खिलाड़ियों को दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता



करपी ।करपी में संचालित पंकज ज्योति स्पोर्ट्स अकादमी के 17 खिलाड़ियों को राज्य खेल सम्मान से सम्मानित किया गया। इनमें कोमल कुमारी तथा सोनू कुमार वर्मा राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, इसके अतिरिक्त दिव्यांशु भारती, खुशबू कुमारी, प्रज्ञा सिमलेश, गौतम कुमार, हरे राम कुमार, जिज्ञासा चंद्र, प्रेम कुमार, अदिति कुमारी, दिलीप कुमार, पल्लवी कुमारी, प्रीतम कुमार, सिंपी कुमारी, रिंपी कुमारी, सौरभ कुमार, तथा रणधीर कुमार को भी राज्य खेल सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया है। पटना में आयोजित समारोह में सभी खिलाड़ियों को खेल मंत्री के द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए।

उक्त सभी खिलाड़ी करपी गांधी मैदान में कड़ा परिश्रम करते हैं। अकादमी के संस्थापक कृष्ण कुमार ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आयोजित कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। ड्रैगन बोर्ड के अध्यक्ष शैलेश कुमार सनोज, रग्बी फुटबॉल के अध्यक्ष सुधीर शर्मा, पेंचक सिलाट के अध्यक्ष राजकुमार, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह तथा उप सचिव पिंटू उर्फ बब्लू ने इन सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। इन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल में भी भाग लेने का अवसर प्रदान

# शहर तेलपा थाना क्षेत्र के गांवों में फल फूल रहा अवैध शराब का कारोबार

● प्रशासनिक लापरवाही या मिली-भगत?

प्रात : किरण संवाददाता

करपी । राज्य के मुखिया नीतिश कुमार के द्वारा शराबबंदी को लेकर कई तरह के दावे किये जाते है मगर धरातल पर ठीक उसका उल्टा देखने को मिलता है ! ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि या तो प्रशासन शराब कारोबारी एवं शराबियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है या प्रशासनिक मिली भगत से ही अवैध शराबों का कारोबार फल फूल रहा है ! यू तो जिले के कई जगहों पर अवैध शराब बनाने एंव बेचने का काम प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है ! यू तो कहे शहर तेलपा थाना क्षेत्र के कई गांवों में खुंटमार ,पकामठ,आजाद नगर महावीरगंज कुबडी एंव रामपुर चाय पंचायत के विभिन्न गांवों में अवैध व जहरीली शराब बनाने व बेचने का काम फल




फूल रहा है ! पुरे दिन बिना कोई डर भय के लोग इन जगहों पर शराब पीते नजर आ जायेगें! इन जगहों से भारी मात्रा में दुसरे गांवों में शराब को भेजने का कारोबार चलता है ! सडक पर शराबियों के डगमगाते कदम इस बात का गवाह है कि शायद अब शराबियों में प्रशासन का भय समाप्त हो चला है ! ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे मोटे कार्यक्रम में शराब को शौक से परोसा जा रहा है ! ऐसे में यह सवाल उठना लाजीमी है कि आखिर शहरतेलपा थाना या जिला प्रशासन इन शराब कारोबारीयों के खिलाफ सख्त कार्यवाही क्यों नही कर पा रही है।

प्रशासन मूकदर्शक क्यों बनी बैठी है ? थाना क्षेत्र के कई जगहों से इस तरह का भी मामले सामने आया है जिसमें 112 नम्बर के प्रशासन के द्वारा शराबियों को पकडने के बाद थाने न ले जाकर बीच रास्ते सी ही छोड दिया गया हो !हालांकि वैसा व्यक्ति प्रशासन के खिलाफ बोलने मे हिचकता है लेकिन गांव की गल्लियों में प्रशासनिक व्यवस्था का मजाक भी शौक से उडाते नजर आता है ! कई तरह के संवेदनशील मुद्दो पर जब थानाध्यक्ष शहरतेलपा से संपर्क किया जाता है तो उनका हर सवाल का जबाब होता है कि मुझे इसके बारे में नहीं पता ! तो ऐसे मे सवाल उठता है कि शहरतेलपा थाना की जिम्मेदारी किसके ऊपर है ! क्षेत्र की जनता ने जिला पुलिस कप्तान अरवल से यह गुहार लगाई है कि तत्काल अवैध शराब बनाने , बेचने एंव पीने वाले के खिलाफ सख्ती बरते जिससे की आम लोगो में प्रशासन के प्रति एक विश्वास जग सके !

# छात्रों को स्कूल जाने से रोकने पर डीएम ने दी कर्रवाई का आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) ।जिले के करगहर प्रखंड के लेहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग 76 बच्चों को वहां के स्थानीय ग्रामीण के द्वारा विद्यालय जाने से रोके जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मामले को संज्ञान में लिया है और उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।जिलाधिकारी ने करगहर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और डीपीओ (एसएसए) को निर्देश दिया है कि सभी पदाधिकारी सोमवार को स्वयं बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचाएंगे और जो भी व्यक्ति बच्चों को स्कूल जाने से रोकता है, उस पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे और विद्यालय को जल्द से जल्द सुचारू रूप से चालू कराएंगे ।जिलाधिकारी ने कहा कि अगर विद्यालय में अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता हो तो उसका निर्माण करना भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही रसोई घर की भी समुचित व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे इस मामले के संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को स्पष्टीकरण जारी कर उनसे पूछे कि इतने दिनों से स्कूल क्यों बंद है और इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा क्या कार्रवाई की गई है और उनके द्वारा प्रशासनिक और जिला स्तर पर इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जब तक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का स्पष्टीकरण स्वीकृत नहीं होता है तब तक उनका वेतन बंद रहेगा।

# हिंदी दिवस पाक्षिक पूर्व कार्यक्रम के सातवें दिन प्रदीप कुमार रौशन के साहित्य पर काव्य संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में 14 सितंबर हिंदी दिवस पाक्षिक पूर्व कार्यक्रम के निमित आज सातवें दिन औरंगाबाद जिले के महान साहित्यकार एवं गीतकार प्रदीप कुमार रौशन को याद करते हुए उनके साहित्य पर आधारित काव्य संवाद का कार्यक्रम किया गया ।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद के क्रम में संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी



ने बताया कि प्रदीप कुमार रौशन बचपन से ही गीत संगीत के कला में निपुण थे ।वे गजल के माध्यम से हिंदी साहित्य को विशिष्ट सेवा दी है ।राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक पत्रिका में उनके गीत,गजल एवं नाटक का प्रकाशन हुआ है। शब्द के चितेरे भाग -एक में उनके गजल को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। बिहार गौरव गीत उनकी प्रमुख रचना है। जिसे अक्सर संस्कृतिक कार्यक्रमों में गया जाता रहा है। अपनी लेखनी के माध्यम से उन्होंने हिंदी साहित्य को विशिष्टता प्रदान की है। उनके साहित्य को समझने परखने के लिए लोगों ने हिंदी भाषा में दिलचस्पी दिखाई। रौशन जी के कारण हिंदी साहित्य का विस्तृत विकास हुआ है ।हिंदी साहित्य को उन्नयन करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है मृत्यु पर्यंत वे हिंदी साहित्य के लिए समर्पित रहे और अपनी लेखनी के माध्यम से सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों को मूर्त रूप प्रदान करने में महती भूमिका निभाई।

# सुहागिनों ने रखा तीज का व्रत पति की दीघार्यु की कामना

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शहर के नवागढी, रामसागर,चॉदचौरा, विष्णु पद, मंगलागौरी,राजेंद्र आश्रम, रमना, सहित विभिन्न इलाकों के मंदिरों व घरों में पति की दीघार्यु होने की कामना का पर्व तीज पारम्परिक तौर तरीके से हरतालिका तीज का त्योहार हर्सोउल्लास व उत्साह पूर्वक मनाया गया है ।भाद्र मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया को मनाया जाने वाले इस पर्व के दौरान शिव और पार्वती की पूजा-अर्चना की गयी ।व्रती महिलाओं ने बताया कि यह पर्व दांपत्य और गृहस्थ जीवन के लिए बहुत ही खास है। महिलाएं अपनी पति कि लम्बी उम्र के लिए उपवास के साथ पूजा पाठ करती



हैं ।जिन महिलाओं की शादी के बाद यह पहला तीज था, वे इसको लेकर खास उत्साहित थी ।पर्व को लेकर बाजारों में काफी चहलपहल रही है ।इस मौके पर गणेश कुमार की पत्न ी ने बताया कि माता पार्वती बचपन से ही भगवान शिव को अपना पति बनाना चाहती थी मगर माता-पिता ऐसा नहीं चाहते थे युवा होने पर पार्वती ने अपने सहेलियों के साथ वन में जाकर भगवान शंकर की घोर तपस्या की ।तपस्या करते कई वर्ष बीत गए मगर भगवान प्रसन्न नहीं हुए। भाद्र महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान शंकर के मिट्टी और बालू की प्रतिमा बनाकर माता पार्वती ने व्रत रखकर पूर्ण विधि विधान के साथ भगवान की पूजा की जिससे भगवान प्रसन्न हो गए एवं प्रसन्न होकर माता को दर्शन दिया एवं वरदान मांगने को कहा वरदान के रूप में माता पार्वती ने भगवान शंकर से स्वयं को पति के पत्नी के रुप में स्वीकार करने तथा हर जन्म में आप ही मेरे पति बने ऐसा वरदान लिया।

# टाटा सॉल्ट इम्यूनो देता है संतुलित पोषण को बढ़ावा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा/मधुबनी। आज की दुनिया में, जहां तंदुरुस्ती और इम्यूनिटी प्रमुख प्राथमिकता बन चुके हैं, टाटा सॉल्ट इम्यूनो आयोडीन और ज़िंक जैसे जरूरी पोषक तत्वों को खाने में शामिल करने का आसान तरीका पेश करता है। जिंक एक आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व (माइक्रोन्यूट्रिएंट) है, जो कि प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम्र) जो स्वास्थ्य प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत और तंदुरुस्त रखने में मदद करता है। ।हमारे दैनिक आहार में जिंक को शामिल करना संतुलित पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन साथ ही, इसके सेवन के आसान तौर-तरीकों का पता लगाना कई बार चुनौतीपूर्ण हो सकता है। टाटा सॉल्ट इम्यूनो में जिंक तथा आयोडीन दोनों का मेल समाया है, ताकि उपभोक्ता अपने नियमित आहार में आसानी से इन दोनों सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिला सकें। पोषण का यह दोहरा फामूर्ला उन्हें अपनी दैनिक खानपान की आदतों में बदलाव लाए बगैर ही लाभ देता है, और घर-परिवारों के लिए यह आसानी से उपलब्ध होता है।

# विश्व तेली दिवस पर भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में अखिल भारतीय तेली महासभा के तत्वावधान में विश्व तेली दिवस के निमित भगवान श्री गणेश का पंचोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम बहादुर प्रसाद गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष अशोक प्रसाद गुप्ता के आह्वान पर भगवान श्री गणेश एवं तेली जाति के इतिहास के संदर्भ में प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि आज ही के दिन भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को भगवान श्री गणेश को हाथी का सर लगाकर पुनर्जीवन प्राप्त कराया गया था। जिस घर के मालिक के यहां से हाथी का सिर काट कर लगाया गया था। वह घर साहू व्यापारी व्यक्ति का था। उसी दिन से गणेश चतुर्थी को भगवान श्री गणेश जन्मोत्सव मनाया जाता है और तेली समाज के लोग इस दिन को अत्यंत ही पवित्र मानते हैं। अपने हाथी के मृत पाए जाने पर वह व्यापारी जब जोर-जोर से विलाप करने लगता है तो भगवान शंकर उसे खुश करने के लिए एक मुसल और खरल यंत्र का निर्माण करते हैं उसे यंत्र में तिलहन को चुरण कर तेल निकाल कर दिखाते हैं और आदेश देकर कहते हैं कि अब आप सभी के वंशज इसी यंत्र से तेल निकाल कर अपना जीवन यापन करेंगे ।भगवान शिव के आदेश से उस व्यापारी को प्रथम तेली माना गया और वर्तमान तेली समाज उसे ही अपना पूर्वज मानते हैं। मुसल को शिव और खरल को पार्वती का प्रतीक माना जाता है। मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष संदीप कुमार, पिंटू कुमार, सोम प्रकाश रविकर सौरभ राज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विश्व प्रसिद्ध ध्यान प्रशिक्षक श्रेयांस डागा हुए शामिल, निकाली गई शाकाहार रैली

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पत्रीजी बोधगया ध्यान महायज्ञ 2024 के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही, सुबह 5 बजे से ही लोगों के आने का तांता इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, बोधगया की ओर लगा रहा, कार्यक्रम के शुरूआत में 2 घंटे का लाइव संगीत ध्यान सत्र का आयोजन हुआ जिसमें एक साथ 1000 से अधिक लोगों ने ध्यान किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में देश के दूसरे राज्यों से आये वरिष्ठ पिरामिड मास्टर्स ने ध्यान से सम्बंधित लोगों के प्रश्नों का जवाब दिया और ध्यान के महत्वपूर्ण गुणों के बारे में बताया है। आज का कार्यक्रम मुख्य रूप से विश्व के प्रसिद्ध ध्यान प्रशिक्षक श्रेयांस डागा के इर्द-गिर्द रहा, श्रेयांस डागा ने अपने सत्र में ध्यान से सम्बंधित कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया जैसे मनुष्य के जीवन पर ध्यान का प्रभाव, ध्यान से मानसिक और शारीरिक शांति, ध्यान से कई रोगों से छुटकार, सांस कैसे काम करती है ब्रेथ वर्ककई बातों पर उन्होंने अपनी बातें लोगों के समक्ष रखी और लोगों के प्रश्नों का जवाब दिया है ।आगे के सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किये गए डांस और गानों पर लोग झूम उठे। पशुओं की अदालत से सम्बंधित कार्यक्रम में जानवरों पर किये जा रहे हिंसा और उनकी व्यतथा और व्याकुलता को प्रस्तुति के जरिये लोगों के समक्ष रखा गया। बिहार के सभी जिलों से आये ध्यान मास्टर्स ने अपने विचार रखे और लोगों को ध्यान क्यों करना चाहिए इसके बारे में लोगों को बताया। दूसरे दिन के कार्यक्रम के अंत में एक भव्य शाकाहार रैली निकाली गयी जिसमे बड़ी संख्या में लोग पिरामिड टोपी पहन और ध्यान एवं शाकाहार से सम्बंधित संदेशों को लोगों तक पहुंचाने के लिए समूह में इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से निकल कर, सुजाता बाईपास मोड़ होते हुए टिक्का बीघा पर रैली की समाप्ति की है ।मालूम हो कि विगत 9 महीनों में पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटीज मूवमेंट एवं बिहार पिरामिड मेडिटेशन फाउंडेशन के द्वारा बिहार में लगभग 28 हजार से अधिक लोगों को ध्यान सिखाया गया है।

# मुस्लिम समुदाय ने गणेश मंदिर के पुजारी को किया सम्मानित

औरंगाबाद। शहर के गणेश मंदिर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंदिर के पुजारी को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने गणेश चतुर्थी पर्व के मौके पर गणेश मंदिर में पूजा में शामिल मंदिर की पूजारी के साथ मंदिर समिति के संरक्षक रंजीत कुमार सिंह के साथ पुजारी मनीष पांडेय, विकास पांडेय, सुनील पांडेय, सौरव पांडेय, जयनंदन शर्मा, सचिन नंदन सिंह, श्रीराम सिंह सहित को गणेश चतुर्थी भगवान की मूर्ति गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। कहा कि गणेश जी के जन्मदिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाते हैं।

# एडवांस तकनीक से सर्जरी बिना दर्द मुक्त शरीर : डॉ बिबेक आध्या

## पीठ दर्द और घुटने के दर्द को नजर अंदाज करना घातकः डॉ बिबेक अध्या

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भागती दौड़ती जिंदगी में हर कोई दर्द से परेशान है। घुटने का दर्द ,पीठ के निचले हिस्से में दर्द ,गर्दन और कंधे का दर्द, जोड़ों का दर्द , सिर दर्द और मांसपेशी का दर्द आज आम समस्या होती जा रही है । इसका मूल कारण व्यक्ति द्वारा अपने शरीर का ध्यान नहीं रखना है ।उठने बैठने के तौर तरीके और खान पान ऐसी समस्या को जन्म देता है । दर्द की शुरूआत के लक्षण दिखते ही एक्सपर्ट फिजियोथैरेपिस्ट से सलाह लेनी चाहिए। उक्त बातें (ढत्रक्कटएफ) पीजीआइ चंडीगढ़ में फिजियोथैरेपी डिपार्मेंट के सुपरिटेंडेंट, डा बिबेक आध्या ने पटना में आयोजित वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे के अवसर पर दो दिवसीय वर्कशॉप के पहले दिन अपने संबोधन में कहा। उन्होंने कहा कि घुटने ,कमर दर्द, क्रॉनिक बैक पेन जैसी समस्या के




लिए एडवांस तकनीक की ट्रेनिंग की आवश्यकता हुई है। आजकल हर दर्द को नस की समस्या मान, दवा के सेवन से बचना चाहिए। एडवांस तकनीक के माध्यम से दर्द को जल्द से जल्द राहत पहुंचाया जाता है, वही दवा का प्रयोग कम कर किडनी और लीवर पर होने वाले कुप्रभाव को भी कम किया जा सकता है ।उन्होंने अपने 30 साल के लंबे अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि जब दर्द अधिकता की ओर बढ़ जाती है तब व्यक्ति डॉक्टर से संपर्क करता है। शुरूआती लक्षण के दौरान ही संपर्क करने पर दर्द से पूर्णतः निजात मिल सकती है ।ग्रामीण क्षेत्रों में नस को बैठाने वाले तकनीकी रूप से सही नही है ,वे राहत कुछ दिन के लिए दे सकते है पर उसका दुशप्रभाव लंबा दिख जाता है ।30 साल के कैरियर में उन्होंने लगभग 50000 मरीजों को देखा है। घुटने का दर्द और पीठ के निचले हिस्से में यदि दर्द हो तो व्यक्ति को भारी सामान उठाने से परहेज करना चाहिए ।कुर्सी की ऊंचाई से नीचे वाली चीजों पर नहीं बैठना चाहिए ।अपने शारीरिक वजन अपनी लंबाई के अनुसार नियंत्रित रखना चाहिए। दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। घुटने के दर्द वालों को कमोड का इस्तेमाल करना चाहिए। यदि व्यक्ति घुटने के दर्द को लेट तक अगर टालता है तो, घुटनों का प्रत्यारोपण करने की नौबत आ सकती है। दो दिवसीय वर्कशाप का आयोजन रिहैबटच केंद्र पर किया गया था ।कार्यक्रम के दौरान डॉ हिमेंदु कुमार सिंह, पेडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट डॉ अजय कुमार, सर्वदा शंकरलाल, डॉ अविनाश शंकर डॉ संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# विजडम क्लासेस द्वारा शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

गया जिला मानपुर प्रखंड के पटवाटोली में आज विजडम क्लासेस द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। संस्था के डायरेक्टर आदित्य प्रकाश ने कहा कि शिक्षक की भूमिका जीवन में अनमोल है। किसी भी छात्र को सफल होने के लिए शिक्षक का मार्गदर्शन होना अति आवश्यक है। आज विजडम क्लासेस द्वारा कोचिंग परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण किया गया। मानपुर प्रखंड में विजडम क्लासेस द्वारा छात्रों को एक नई दिशा दी जा रही है। कम खर्चे पर उचित शिक्षा दिया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि हिंदी मीडियम के बच्चों को एक दिशा देने का प्रयास हमारा विजडम क्लासेस कर रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर यूनिक इंग्लिश स्कूल के संस्थापक हितेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कोचिंग संस्था से बच्चों में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाता है। इस अवसर पर कोचिंग के शिक्षक आलोक कुमार, नितीश कुमार, चंद्र प्रकाश, आकाश कुमार, अमन कुमार, सलोनी मिस और वर्षा कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वन विभाग ने की बड़ी कार्यवाई गुल्ली लदा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित 3 लोग गिरफ्तार

बगहा। वीटीआर के गोनौली रेंज में वन विभाग ने गुप्त सूचना पर बड़ी कार्यवाई करते हुए छुपा कर रखे गए ट्रैक्टर ट्रॉली सहित शीशम की गुल्ली जप्त किया है।रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि गनौली रेंज अंतर्गत हरनाटांड के समीप सेमरा घुसुकपुर के पोखरिया टोला में ट्रैक्टर ट्रॉली में लदे शीशम की गुल्ली सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।ये तीनो व्यक्ति साहेब राम,उमेश महतो और सूरज राम है जो लौक्रिया थाना के घुसुकपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। रेंजर ने आगे बताया कि यह कार्यवाई गुप्त सूचना पर की गई है।

### पशु चारा काटकर लौट रही युवती की मसान नदी में डूबने से मौत, शव का तलाश जारी

बगहा। बगहा के रामनगर स्थित मसान नदी में एक युवती की मौत डूबने से हो गई है।बताया जा रहा है कि बसन्तपुर वार्ड नम्बर 6 के निवासी शंकर यादव की 15 वर्षीय पुत्री पशु का चारा काटकर लौट रही थी तभी उसका पैर फिसल गया और वह नदी में जा गिरी। इसकी सूचना चौतरवा थाना को स्थानीय लोगों ने तत्काल देदिया जिससे पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंच के शव के तलाश में जुट गई है।इसधर घटना की सूचना पर गांव में हाहाकार मच गया है। समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हुई है।स्थानीय लोग नदी में शव का तलाश कर रहे हैं।

### बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए विभूतिपुर में सत्ता परिवर्तन है जरूरी:तूफान

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के नरवन में शनिवार को समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान जी के द्वारा चलाए जा रहे पंचायत संपर्क अभियान एवं संगठन निर्माण के तत्वाधान में युवाओं की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अमित कुमार व संचालन शिवम कुमार चौधरी ने किया।युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने कहा कि युवा संकल्पित होकर विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं,विभूतिपुर में अपराध, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए सत्ता परिवर्तन में युवाओं की भागीदारी आवश्यक है।

### जनता दरबार में दो मामले का हुआ निपटारा

इसुआपुर ।स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजित हुई। जिसमें दो मामले आए। जिन्हें आपसी सहमति से निपटारा करा दिया गया। पहला मामला निपनिया गांव के रमेश सिंह तथा सुनीता देवी के बीच था। वहीं दूसरा मामला नेवारी गांव की उषा देवी तथा जयथर गांव के जवाहर लाल साह वगैरह के बीच था। वर्षो से लंबित जमीनी विवाद सुलझ जाने से दोनों पक्षों में काफी खुशी देखी गई।इस मौके पर सीओ करुण करण, राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय तथा थानाध्यक्ष कमल राम मुख्य रूप से थे।

### खैरा थाना में जनता दरबार: भूमि विवाद के तीन मामलों का निष्पादन

नगरा।खैरा थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद से जुड़े मामलों के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया.इस जनता दरबार की अध्यक्षता नगरा अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार ने की,उन्होंने बताया की कुल चार मामले आए थे जिसमे तीन मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया, जबकि एक मामले को अगली सुनवाई के लिए अगले शनिवार को पुनः उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है.जनता दरबार के दौरान कई नए भू-आवेदन भी प्राप्त हुए,जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए दर्ज कर लिया गया।

### गिद्धौर उपप्रमुख के खिलाफ लाये गये थे अविश्वास प्रस्ताव

गिद्धौर। शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड के सभागार में उपप्रमुख के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विशेष बैठक हुई। इसमें 9 में से 6 समिति सदस्य ही उपस्थिति हो पाये। इस प्रकार उपप्रमुख मीना देवी की कुर्सी बच गयी।डिप्टी कलेक्टर भानु प्रताप सिंह व कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी की देखरेख में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक बुलायी गयी थी। लेकिन,बैठक में समिति सदस्य प्रखंड प्रमुख पंकज कुमार,संतोष रजक,सुनील कुमार राम,चंदन कुमार,मीना कुमारी, राजदीप कुमारी उपस्थित हुईं।

### गंगा नदी में डुबने से एक की मौत

डोरीगंज। अवतार नगर के संठा गाँव मे एक व्यक्ति की गंगा नदी मे स्नान करने के क्रम मे डुबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार संठा गाँव निवासी ललन महतो के 40 वर्षीय पुत्र रविन्द्र कुमार महतो अपने गाँव के ही एक महिला के दाह संस्कार मे गया हुआ था । दाह संस्कार के बाद गंगा नदी मे स्नान करने के क्रम मे वह पैर फिसलने के कारण गहरे पानी मे चला गया जिस कारण डुबने से उसकी मौत हो गयी।

# डाक टिकट कला संस्कृति ऐतिहासिक भौगोलिक संरचना को दर्शाता है: परिमल सिन्हा

## दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का हुआ आगाज, गौतम अस्थान पर विशेष आवरण का भी हुआ विमोचन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अधीन डाक विभाग द्वारा डाक बंगला रोड स्थित भिखारी ठाकुर सभागार सह प्रेक्षा गृह में जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी अहिल्यापेक्स का आयोजन किया गया ' प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तरी क्षेत्र मुजफ्फरपुर के पोस्ट मास्टर जनरल परिमल सिन्हा व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रजाति कर किया गया ' इस अवसर मुख्य अतिथि परिमल सिन्हा ने अपने संबोधन में फिलेटली के महत्व को समझाते हुए कहा कि डाक टिकट ज्ञान का भंडार है ' डाक टिकट के रंग- बिरंगी दुनिया के माध्यम से भारत के कला संस्कृति, ऐतिहासिक, भौगोलिक संरचना एवं विशिष्ट व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर देता है ' परिमल सिन्हा ने अपने संबोधन में समारोह में आए हुए लोगों खास कर बच्चों से अपने शौक में फिला टेली -डाक टिकट संग्रह को शामिल करने का अनुरोध किया ' बता दें कि इस प्रदर्शनी में प्रथम दिन उद्घाटन और दूसरे दिन समापन सत्र होगा ' उद्घाटन के अवसर पर ऐतिहासिक धरोहर गौतम स्थान पर विशेष आवरण का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया ' अतिथियों के सम्मान में छपरा के वरीय डाकपाल जयप्रकाश ने प्रदर्शनी में आए डाक परिवार सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन सारण के लिए गर्व की बात है, लंबे समय के बाद यह आयोजन हुआ है ' इस तरह का आयोजन से ज्ञानवर्धक जानकारियां मिलती है ' उन्होंने कहा कि डाक विभाग का इतिहास रहा है, जनमानस के दिलो को जोड़ने का काम करती है ' वरीय डाकपाल ने स्वागत भाषण में डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला ' इस अवसर पर वरीय डाकपाल जयप्रकाश द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल भेट किया गया ' उद्घाटन समारोह में आगत अतिथियों के सम्मान में छप्परा सेंट्रल स्कूल के बच्चियों द्वारा स्वागत गान भी प्रस्तुत किया गया ' कार्यक्रम में सहायक निदेशक छपरा के रॉबिन चंद्र, मढ़ोरा के सहायक डाकपाल, दीपक साह, छपरा के डाकपाल पवन कुमार, जुड़ी सदस्य रवि वर्मा एवं रमन कुमार मंडल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, विभागीय पदाधिकारी के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री संजीव मोहन के निधन पर शोक की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) वाराणसी अस्पताल में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला रोहतास के महामंत्री संजीव मोहन का बीमारी के कारण आकस्मिक निधन हो गया। यह अमरा तालाब की निवासी थे। धर्मपत्नी राम कुमारी देवी का राजनीतिक क्षेत्र में सहयोगी रही। राम कुमारी देवी वर्तमान में बिहार प्रदेश महिला मोर्चा के मंत्री भी हैं। उनकी मृत्यु का समाचार मिलते हैं जिले में शोक का लहर छा गया। दाह संस्कार जिले के सोन नदी में किया गया। वर्ष 2023 में ओबीसी मोर्चा के अभिनंदन समारोह में मंच का संचालन करते हुए अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति जाहिर की थी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के अध्यक्ष बलराम मंडल उपस्थित थे। इनकी आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में नवीन चंद्र शाह ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, प्रदेश की उपाध्यक्ष रमेश चौहान, चंदेश्वर भारती, परमेश्वर गुप्ता उपाध्यक्ष, शनि चौरसिया, विनोद सिंह, भिखारी राम, अरूण गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी अधिकारी पदाधिकारियों ने उनके प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर उन्हें आत्मा की शांति प्रदान करे ऐसी कामना किया।

## उदवंतनगर प्रखंड के अरोरा में कन्हैया ब्यास के अध्यक्षता में भगवान श्री कृष्ण का मनाया गया छठीहार महोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। उदवंतनगर प्रखंड के अरोरा में कन्हैया ब्यास के अध्यक्षता में भगवान श्री कृष्ण का छठीहार महोत्सव मनाया गया सवर्प्रथम श्री कृष्ण चेतना समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने श्री कृष्ण के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया ततपश्चात ब्यास सरोज यादव और अमन कुमार ने सुमरन के साथ साथ सोहर का अपने अपने स्वर में गया तथा उपस्थित जनता को आनंदमय किया। अपने उद्घाटन भाषण में नन्द किशोर यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण एक कर्मवादी एवं बीर थे उन्होंने बचपन से लेकर मृत्यु तक मृतुभुवन मे समाज हित में लड़ाई लड़ी तथा हर लड़ाई में वे विजय रहे।यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने कहा कि कृष्ण हर कला में परिपूर्ण थे वे संगीत प्रेमी भी थे उसका जीता जगता उदाहरण है कि वे हमेशा बांसुरी लिया रहते थे।जाप के संदेश विधानसभा के प्रत्याशी रह चुके डॉ बबन यादव ने कहा कि संस्कृति कार्यक्रम से समाज में भाई चारा की भवना होता है साथ ही स्वस्थ्य लाभ भी होता है।बड़हरा विधानसभा के जाप के प्रत्याशी रहे रघुपति यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण लीला अपरम्पार था बाल्य कालमें जो लीला कर समाजिक चित्रण किया था उसको किसी भी काल में भुलाया नही जा सकता है।श्री कृष्ण छठीहार महोत्सव को सम्बोधित करने वाले लोगो मे स्थानीय जिला पार्षद सोनू कुमार अगियाव पश्चिमी के जिला परिषद के प्रत्याशी रहे अनिल यादव युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष चालु यादव जीतन यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## सर्वे की ग्राम सभा में जनता ने मुखिया की लगाई पुकार पर नहीं मिले मुखिया जी, तो मुखिया पति को लगाई फटकार

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। कल्याणपुर उत्तर पंचायत में आयोजित सर्वे ग्राम सभा में उसे समय अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गए जब एक महिला ने मुखिया पति से यह सवाल किया कि हमारे मुखिया जी कहां हैं। आप कौन होते हैं मुखिया जी की जगह लेने वाले। बस क्या था एक के बाद एक लोग ग्राम सभा में मुखिया ललिता देवी की पुकार लगाने वालों पर ललिता देवी ग्राम सभा में उपस्थित नहीं हुई। मुखिया के जगह उनके पति मंटून ठाकुर ग्राम सभा का संचालन करते रहे। बारंबार उपस्थित आम जनों द्वारा मुखिया पति से यह सवाल किया जाता रहा कि क्यों नहीं आई मुखिया जी इसका जवाब दें बावजूद मुखिया पति पर कोई असर नहीं पड़ा। एक महिला सदस्या ने यहां तक का डाली की भले ही सरकार आरक्षण देकर महिला को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि के रूप में मुखिया पद पर प्रतिस्थापित कर प्रतिष्ठा दी बावजूद मुखिया पति द्वारा महिला के अधिकार का शोषण किया जा रहा है।

और यह नजारा यहां कल्याणपुर उत्तर पंचायत में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। बहरहाल ग्राम सभा में लोगों के ढूंढने के बावजूद की महिला मुखिया ग्राम सभा में उपस्थित नहीं हो सकी और उनके दायित्व का निर्वहन मुखिया पति ढीठ बनकर करते रहे उन पर जनता के ऐसे आरोपों का कोई असर नहीं रहा। यह वाक्या पहली बार नहीं है इससे पूर्व भी इस तरह की बातें सामने आए और मुखिया जी के बगैर सारे कार्यों का संपादन हो गया और घर पर जाकर रजिस्टर पर मुखिया जी का साइन हो जाया करता है। मुखिया जी के बारे में पूछे जाने पर मुखिया पति ने बताया कि मुखिया जी मायके में है। बता दे की ग्राम सभा में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने भूमि सर्वे से संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक दिया।

वही रैयतों द्वारा भूमि समस्या से संबंधित प्रश्न का भी जवाब देते हुए संतुष्ट किया। मौके पर कानूनगो, राहुल गुप्ता, सहायक सर्वे अमीन श्रवण कुमार, उप सरपंच आनंद लाल राय, मुखिया प्रतिनिधि मंटून ठाकुर (पति), सरपंच प्रतिनिधि दयानंद शर्मा (पति) सहित सैकड़ों की संख्या में रैयत किसान मौजूद थे।

## मुस्लिम समुदाय ने गणेश मंदिर के पुजारी को किया सम्मानित



औरंगाबाद। शहर के गणेश मंदिर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंदिर के पुजारी को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने गणेश चतुर्थी पर्व के मौके पर गणेश मंदिर में पूजा में शामिल मंदिर की पूजारी के साथ मंदिर समिति के संरक्षक रंजीत कुमार सिंह के साथ पुजारी मनीष पांडेय, विकास पांडेय, सुनील पांडेय, सौरव पांडेय, जयनंदन शर्मा, सचिन नंदन सिंह, श्रीराम सिंह सहित को गणेश चतुर्थी भगवान की मूर्ति गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। कहा कि गणेश जी के जन्मदिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाते हैं। गणेश चतुर्थी इस वर्ष 7 सितंबर शनिवार को है। पौराणिक मान्यता है कि गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की मूर्ति घर लाकर उनकी 10 दिनों तक विधि-विधान के साथ पूजा करते हुए अनंत चतुर्थी के दिन गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन करने से भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं। गणेश चतुर्थी का महत्व और गणेश चतुर्थी की कहानी। तिलक ने भारतीयों को एकजुट करने और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए गणेश चतुर्थी को एक सार्वजनिक त्योहार के रूप में लोकप्रिय बनाया।

## मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के प्रभारी ने डीएम को भेजा त्राहिमाम सन्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कृष्ण चंद्र ने अस्पताल से हटाए गए एक सुरक्षा गार्ड और यहां पदस्थापित एक डॉक्टर से अपने जान माल को खतरा बताते हुए डीएम को त्राहिमाम संदेश भेज अपने लिए सुरक्षा गार्ड की मांग की है। उन्होंने डीएम और सिविल सर्जन को भेजे गए त्राहिमाम संदेश में साफ तौर पर लिखा है कि अस्पताल के सुरक्षा गार्ड जितेंद्र कुमार को हटाए जाने के बाद वे यहां के एक चिकित्सक डॉ वीरेश कुमार से साठ गांठ कर उनके जानमाल को खतरा पहुचाने की साजिश रच रहे है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा है कि सुरक्षा गार्ड जितेंद्र को जब से इस अस्पताल से हटाया गया हैं तब से वह डॉ वीरेश के साथ मिलकर बार-बार उनके खिलाफ फर्जी शिकायत पत्र सिविल सर्जन और जिला पदाधिकारी के यहां भेज कर उनकी छवि को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

इधर शिकायतकर्ता की जब जांच की जाती है तो वह फर्जी पाया जाता है। इस तरह की एक फर्जी शिकायतकर्ता की जांच की गई तो उसका कोई अता-पता नहीं मिला जबकि दूसरे शिकायतकर्ता ने लिखित रूप में यह कह दिया कि उन्होंने कोई शिकायत ही नहीं की है। उनके नाम से अस्पताल से हटाए गए गार्ड जितेंद्र कुमार व डॉ वीरेश कुमार ने फर्जी शिकायत पत्र लिखकर भेजा है। मढ़ौरा अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर कृष्ण चंद्र ने सीएस और डीएम को भेजे गए अपने त्राहिमाम संदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि पूर्व में मढ़ौरा रेफरल अस्पताल में प्रभारी पद पर रहते हुए डॉक्टर वीरेश कुमार खुद लाखों रुपए की वित्तिय अनियमितता किए है। जिसका साक्ष्य अंकेक्षण रिपोर्ट में है और ये इस मामले में महालेखाकार के रडार पर हैं। ऐसे में प्रभारी पद के लिए अयोग्य इस व्यक्ति के द्वारा प्रभारी बनने के लिए तरह तरह का हथकण्डा अपनाकर वरीय अधिकारियों को गुमराह किया जाना नियमो के विरुद्ध व आश्चर्यजनक है। प्रभारी ने इस मामले में जिला पदाधिकारी से सहानुभूति पूर्वक विचार कर अपेक्षित कार्रवाई का आग्रह किया है।

## राजद की याचिका का पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई, नोटिस भी हुआ जारी

छपरा। राजद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक मामले में नोटिस जारी किए जाने की पृष्ठभूमि पर आज सारण राजद द्वारा रौजा स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सारण राजद जिला प्रवक्ता डॉ अमित रंजन ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार में 65 प्रतिशत बढ़ाए गए आरक्षण पर रोक मामले में जो लकीर है, उसकी एक तरफ राजद है तो दूसरी ओर बीजेपी और जदयू । उन्होंने यह भी कहा कि अब बिहार प्रदेश के नागरिक आश्वश्त हो चुके हैं कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई योद्धा है,तो वह तेजस्वी यादव हैं ।

## 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा मानव तस्करी और बाल श्रम पर एनजीओ के साथ बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी ने आज मानव तस्करी और बाल श्रम जैसी गंभीर समस्याओं पर विचार-विमर्श हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में क्षेत्रीय गैर-सरकारी संगठनो NGO के प्रतिनिधियो अशोक ए मोहिते NGO प्रथम सन्नी कुमार NGO चाइल्ड लाइन मनोज कुमार झा NGO मिथिला कला विकास राम अधीन दास, शिव गिरिराज विकास संस्थान, दीपशिखा सिंह महिला विकास मंच मधुबनी और राकेश कुमार समाधान युवा क्लब तथा अन्य मुख्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य सीमा क्षेत्रों में बढ़ते मानव तस्करी और बाल श्रम के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था।

इसमें मानव तस्करी की रोकथाम, पीड़ितो को पुनर्वास, जागरूकता अभियान चलाने और कानून के सख्त अनुपालन के विषयों पर गहन चर्चा की गई।एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट विवेक ओझा ने कहा मानव तस्करी और बाल श्रम के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। NGO के साथ हमारा सहयोग इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस संबंध में सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।बैठक में NGडने तस्करी के शिकार हुए बच्चों और महिलाओं के पुनर्वास के लिए अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रशिक्षण और कार्यक्रमों की भी योजना प्रस्तुत की। इस बैठक से यह निष्कर्ष निकला कि पुलिस सुरक्षा बल NGO और स्थानीय समुदायो के बीच आपसी सहयोग से ही इन गंभीर मुद्दों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। भविष्य में इस दिशा में और भी ठोस कदम उठाए जाएंगे और समय-समय पर ऐसे बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की स्थापना दिवस मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा विधि मंडल के महेंद्र बाबू कक्ष में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की स्थापना दिवस सुमन कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मनाई गई। विधि मंडल के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय समिति सदस्य गंगोत्री प्रसाद ने कहा कि यह संगठन गैर राजनीति संगठन के रूप में कार्यरत है तथा पूरे प्रदेश में यह संगठन राष्ट्रीय विचारधारा के अंतर्गत कार्य कर रहा ह स्थापना दिवस के अवसर पर अधिवक्ता उदय प्रसाद सिंह ज्ञानती गुप्ता शैलेंद्र सिंह अभय कुमार पांडे सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।स्थापना दिवस के अवसर पर नई कार्य समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष उदय प्रसाद सिंह उपाध्यक्ष हाकिम सिंह उमेश तिवारी सुमंत कुमार द्विवेदी महामंत्री ज्ञानती गुप्ता मंत्री दुलारचंद मांझी अजय कुमार शर्मा जयप्रकाश कोषाध्यक्ष राजू कुमार कार्यकारिणी सदस्य मीना सिंह अभय कुमार श्रीवास्तव पवन कुमार श्रीवास्तव विनय मुरारी मिश्रा विशाल वर्मा मनोज कुमार सिंह जनार्दन द्विवेदी रंजीत कुमार पांडे प्रणव कुमार तथा मीडिया प्रभारी अभय कुमार ने मिश्रा को बनाया गया।

## इसुआपुर में खुला पार्थ लाइब्रेरी, छात्र-छात्राओं को होगी पढ़ाई में सहुलियत

प्रात : किरण संवाददाता



इसुआपुर । प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने पार्थ लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि सुदूर देहाती क्षेत्र में ऐसी लाइब्रेरी की आवश्यकता थी। जिसमें छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शांतिपूर्ण माहौल में कर सकते हैं। जिससे वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। लाइब्रेरी के प्रबंधक प्रियांशु कुमार ने बताया कि यहां प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को शांतिपूर्ण माहौल में बैठकर पढ़ने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में सहूलियत मिलेगी। पूर्णतः वातनुकूलित लाइब्रेरी कैंपस में 24 घंटे वाई फाई नेट तथा बिजली की व्यवस्था रहेगी। बच्चे अपनी सुविधा के अनुसार 24 घंटों में कभी भी यहां बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं को अन्य कई तरह की सुविधाएं देने की भी बात बताई । इस मौके पर भाजपा नेता धीरज सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विजय सिंह, चंदन कुमार प्रसाद, कुंदन सिंह, अनिल प्रसाद, जितेंद्र सिंह समेत सैकड़ों शिक्षाविद छात्र-छात्राएं व गणमान्य लोग थे।

## जन सुराज दरियापुर प्रखण्ड की नयी कमिटी की हुई घोषणा

प्रात : किरण संवाददाता



परसा ।जन सुराज द्वारा दरियापुर बाजार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वरीय नेता रामपुकार मेहता,जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, मुखिया प्रतिनिधि मोसाहेब महतो,अरुण मेहता की उपस्थिति में प्रखंड के जन सुराज के नये पदाधिकारियों की घोषणा की गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज तथा संचालन सोनपुर अनुमंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह ने किया ।नये कमिटी की घोषणा जिला संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज ने बताया कि प्रखंड अध्यक्ष गोलक बिहारी शरण,संगठन महासचिव अरुण मेहता,महिला अध्यक्ष उर्मिला साह ,किसान अध्यक्ष शैलेश सिंह,युवा अध्यक्ष श्रीनिवास यादव,सोशल मीडिया प्रभारी विशाल कुमार श्रीवास्तव,कार्यालय प्रभारी पद हेतु राज विकास को मनोनीत किया गया ।इसके पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा सभी अतिथियों तथा नये घोषित पदाधिकारियों का स्वागत अंगवस्त्र व माला पहनाकर किया गया ।इस मौके पर वरीय नेता राम पुकार मेहता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बदहाल बिहार को बेहतर बिहार बनाने तथा जनता का सुंदर राज स्थापित करने हेतु हमे और हमारे जनसुराजी साथियों को प्रशांत किशोर जी का संदेश जन जन तक पहुंचाने कि आवश्यकता है।

## आज समाचारपत्र के प्रभारी रजनीश त्रिपाठी के मृत्य होने पर भाजपा भोजपुर द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई

आरा ।शनिवार को आरा के 'आज' समाचारपत्र के वरिष्ठ संपादक,प्रभारी व रंगकर्मी रजनीश त्रिपाठी की आकस्मिक मृत्य होने पर भारतीय जनता भोजपुर द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने वरिष्ठ संपादक और आज अखबार के आरा प्रभारी के मृत्यु होने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रजनीश त्रिपाठी पत्रकारिता जगत के एक नामी-गिरामी व्यक्ति थे। वे मिलनसार व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। वे पत्रकार के साथ एक अच्छे और कुशल रंगकर्मी भी थे ।उनके जाने से पत्रकारिता क्षेत्र के साथ साथ रंगमंच क्षेत्र मे भी क्षति हुआ है। भगवान उनको अपने चरणो मे स्थान दे। भाजपा परिवार इस दुख की घड़ी मे उनके परिवार के साथ खड़ी है। शोक संवेदना व्यक्त करनेवाले मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, सीडी शर्मा,मिथिलेश कुशवाहा, प्रेम रंजन चतुवेर्दी, रामदिनेश यादव,गंगाधर पांडेय आदि नेता और कार्यकर्ता थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मंत्री का स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सोनहो चौक अमनौर बाजार तरैया बाजार मशरख बाजार में भाजपा का सदस्य बनाया। सोनहो चौक पर पर जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह, अमनौर बाजार पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह तरैया बाजार पर पूर्व जिला पार्षद भगवान प्रसाद साह एवं पूर्व मुखिया कृष्ण प्रसाद गुप्ता मशरख में मुखिया मुकेश कुमार साह एवं मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा के गांव के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम से प्रभावित हैं और भाजपा से जुड़ना चाहते हैं 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा माननीय प्रधानमंत्री को भाजपा का सदस्य बनाए। सारण जिला में भी स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय जी के द्वारा सदस्यता अभियान की शुरूआत 4 सितंबर से किया गया है। हम सभी लोग गांवझ गांव जाकर लोगों के मोबाइल से 8800002024 पर मिस कॉल देकर सदस्य बना रहे हैं बिहार प्रदेश के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल जमीनी नेता है उनके नेतृत्व में सदस्यता अभियान में बिहार अव्वल रहेगा हम सभी कार्यकर्ता की जान लगाकर अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे ताकि बिहार राज्य भी अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सके।

## जलालपुर में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर हुआ बहस जेई, एसडीएम बनियापुर मौके पर पहुंचे, लोगों ने मचाई हल्ला

प्रात : किरण संवाददाता

जलालपुर। बिहार में ग्रामीण क्षेत्रों में लग रहे स्मार्ट बिजली के मीटर को लेकर सभी को लगाना पड़ेगा स्मार्ट मीटर सरकार की नई आदेश जलालपुर क्षेत्र के लोगो मे नाराजगी दिखाई दे रही है ।जिसको लेकर बिजली विभाग के जेई चन्दन कुमार ने कहा की प्रखंड में लगा रहे स्मार्ट मीटर अन्य बिजली की तुलना में बेहतर है ।उन्होने कहा की बिजली मीटर का रिचार्ज करने के लिए घर बैठे सुविधा मिलेगी. अगर उपभोक्ता को रिचार्ज करने में कोई परेशानी आ रही है तो आपके घर बिजली कंपनी का करीबन 3 घंटा चलती रही नोक झोक लोगों ने साफ मना कर दी कि हमें मीटर नहीं लगाना है जय और एसडीएम का कहना है कि अगर मीटर हर गांव में नहीं लगा तो उसे गांव की बिल्डिंग नहीं करेगी सरकार उसकी मीटर की रेटिंग बंद हो जाएगी, और कनेक्शन काट दिया जाएगा, प्रतिनिधि आकार आपकी सहायता करेगा. बिजली विभाग ने बिहार में खासकर ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मीटर रिचार्ज के लिए अपने प्रतिनिधि भेजने की योजना बनाई है. यह प्रतिनिधि ग्राहकों को रिचार्ज में आ रही समस्यायों को हल करेंगे और अगर ग्राहक स्वयं रिचार्ज नही कर पा रहा तो प्रतिनिधि खुद रिचार्ज कर देगा. यह प्रतिनिधि कंपनी की ओर से चयनित एजेंसी के जरिए बहाल किए जायेंगे. बिहार के गावों में भी स्मार्ट मीटर लगना शुरू हो गया है. यह मीटर प्रीपेड होंगे. इनमे पहले रिचार्ज करना होगा तभी आप बिजली का उपयोग कर पाएंगे. ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट मीटर का रिचार्ज वसुधा केंद्रों से किया जा सकता है। उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर के रिचार्ज के दौरान आने वाली समस्याओं का निराकरण उनके प्रतिनिधि करेंगे. साथ ही स्मार्ट मीटर का भैतिक सत्यापन भी करेंगे. प्रतिनिधि हर तीन महीने में स्मार्ट मीटर का सत्यापन कर रिपोर्ट कंपनी को भेजेंगे कि मीटर के साथ कोई छेड़छाड़ तो नही की गई है. अब हर घर में होगा स्मार्ट मीटर लोगों की समस्या अब हो जाएगी दूर।

## छित्रौली कब्रिस्तान में मिट्टी भराई कार्य में रुकावट, ग्रामीणों ने की शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता



नगरा ।प्रखंड क्षेत्र में धूपनगर-धोबवल पंचायत के वार्ड नंबर-14 स्थित छित्रौली गाँव के पुराने कब्रिस्तान में मिट्टी भराई के कार्य में रुकावट का मामला सामने आया है.स्थानीय गाँव के निवासी कयूम अंसारी, मो. जमालुद्दीन, जुमाद्दीन मियां, मैनुद्दीन अंसारी, मो. रहमतुल्लाह, मुबारक हुसैन सहित अन्य लोगों ने डीएम और नगरा अंचलाधिकारी से मिलकर लिखित आवेदन देकर शिकायत की है तथा जांच और समाधान की मांग की है.दिए हुए आवेदन में बताया गया कि 2017 में सरकारी मापी के बाद कब्रिस्तान की जमीन का सीमांकन किया गया था,लेकिन अब कुछ लोग फिर से विवाद खड़ा कर रहे हैं और काम में अवरोध डाल रहे हैं. इससे क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव की आशंका जताई जा रही है.आवेदनकर्ता ने अंचलाधिकारी से कार्रवाई की मांग के साथ जिलाधिकारी, सारण को भी आवेदन दिया है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

जलालपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के काला गम्हरिया निवासी कृष्ण प्रसाद के द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र सर्जन डॉक्टर पप्पू कुमार द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छपरा जिले के प्रमुख चिकित्सकों ने निशुल्क सेवा प्रदान किया तथा साथ में सभी रोगों का निशुल्क दवा वितरण भी किया गया डॉ अमरेश कुमार हड्डी नस जो रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चैतन्य प्रकाश डॉक्टर प्रोफेसर जितेंद्र महतो शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शशिकांत परामर्श डॉक्टर सुधांशु शेखर डॉक्टर पी कुमार डॉक्टर चंदन कुमार डॉ पंकज कुमार डॉक्टर संतोष कुमार मुन्ना कुमार मांझी प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार प्रसाद कांग्रेस नेता डॉक्टर आईपी गुप्ता जाकिर हुसैन रत्नेश कुमार शाहिद सैकड़ो का निर्माण लोग उपस्थित थे और शिविर सेव कर रहे थे।

## पदाधिकारी ने एचएम से मांगा स्पष्टीकरण

दाउदपुर। विद्यालय में व्याप्त अनियमितता व अवैध नियुक्ति की जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिकायत के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा ने श्री शंकर संस्कृत मध्य विद्यालय मदनसाठ के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विद्यालय के पूर्व सचिव हरीश कुमार तिवारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिकायत की गई है कि संस्कृत बोर्ड द्वारा गुरुकुल संस्कृत उच्च विद्यालय मेहिया के प्रधानाध्यापक सुरेश मिश्र को श्री शंकर संस्कृत मध्य विद्यालय मदनसाठ का प्रधानाध्यापक बनाया गया था जबकि प्र. महर्षि संस्कृत उच्च विद्यालय गोदना के संजीव कुमार सिंह ने संस्कृत बोर्ड से पत्र निकाल कर अवैध तरीके से प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्ति कर ली।

